Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 308 | रविवार, 09 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## नालसा के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

# 'न्याय की भाषा वही हो, जो न्याय पाने वाले को समझ आए'

**नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सामाजिक न्याय का आधार बताते हुए व्यक्ति की हैसियत और स्थिति की परवाह किए बगैर सभी के लिए सुलभ और शीघ्र न्याय की पहुंच पर जोर दिया। कहा कि जब न्याय सभी के लिए सुलभ हो, समय पर हो और हर व्यक्ति तक उसकी सामाजिक और वित्तीय पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना पहुंचे, तभी यह सही मायने में सामाजिक न्याय की नींव बनता है। प्रधानमंत्री ने लोगों की भाषा में न्याय और फैसलों की उपलब्धता को भी महत्वपूर्ण बताया। फैसले और कानूनी दस्तावेज स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराए जाएं- पीएम कहा कि न्याय की भाषा वही हो, जो न्याय पाने वाले को समझ आए। कानून का मसौदा तैयार करते समय इसका ध्यान रखना बहुत जरूरी है। जब लोग कानून अपनी भाषा में समझते हैं, तो इससे बेहतर अनुपालन होता है और मुकदमेबाजी कम होती है। यह भी आवश्यक है कि फैसले और कानूनी दस्तावेज स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराए जाएं। प्रधानमंत्री ने ये बातें कानूनी सहायता वितरण तंत्रों को सुदृढ़ बनाने पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन और विधिक सेवा दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सामुदायिक मध्यस्थता माड्यूल का भी शुभारंभ किया। समारोह में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई, नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष और अगले प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीश व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि कानूनी सहायता तंत्र को सुध्ढ़ बनाने और विधिक सेवा दिवस से जुड़े कार्यक्रमों से भारत की न्याय व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने विधिक सेवा प्राधिकरण के योगदान का महत्व बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर से लेकर तालुका स्तर तक, विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायपालिका और आम नागरिक के बीच सेतु का काम करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार लगातार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज आफ लिविंग को बेहतर बनाने के लिए कदम उठा रही है। ईज आफ डूइंग बिजनेस और ईज आफ लिव्वग तभी संभव है जब ईज आफ जस्टिस भी सुनिश्चित हो। पिछले कुछ वर्षों में ईज आफ जस्टिस को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

## दुर्ग, हरिद्वार के लिए चलेगी विशेष ट्रेन, छपरा से आनंद विहार के बीच रेलगाड़ी चलाने की घोषणा

**नई दिल्ली।** रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 08743 दुर्ग से 9 नवंबर और 16 नवंबर को चलेगी। जबकि 08744 हरिद्वार से 10 नवंबर और 17 नवंबर को चलेगी। उत्तर रेलवे के द्वारा दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग (08743/08744) एक्सप्रेस विशेष ट्रेन का संचालन शुरू किया जाएगा। यह ट्रेन कुल दो फेरों में चलेगी। एक दिशा में दुर्ग से हरिद्वार और वापसी में हरिद्वार से दुर्ग तक चलेगी। रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 08743 दुर्ग से 9 नवंबर और 16 नवंबर को चलेगी। जबकि 08744 हरिद्वार से 10 नवंबर और 17 नवंबर को चलेगी। दुर्ग-हरिद्वार स्पेशल सुबह 11 बजे दुर्ग से रवाना होगी और रायपुर, बिलासपुर, उसलापुर, प्रयागराज, कानपुर, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा, दिल्ली (नई दिल्ली), मुरादनगर, रुड़की होते हुए अगले दिन शाम 3:40 बजे हरिद्वार पहुंचेगी।

## || सार संक्षेप

# यूपी-पंजाब में चलेगी शीतलहर



**नई दिल्ली।**


उत्तर भारत में अब सर्दी बढ़ने वाली है। मौसम ने करवट ली है और देश के कुछ राज्यों में ठंड का असर महसूस होने लगा है। इस बीच, मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि 9 और 10 नवंबर को देश के कुछ राज्यों में शीतलहर चलगी।

दिल्ली-यूपी समेत देश भर के कई राज्यों में सामान्य से पहले ही ठंड का असर दिखने लगा है। तापमान में गिरावट से जहां गर्मी से राहत मिल रही है, वहीं रात में हल्की ठंड का एहसास होने लगा है। उत्तर भारत की बात करें तो दिल्ली, यूपी और बिहार में शाम और सुबह के समय पारा गिरने की संभावना है। राजस्थान में मौसम ने करवट बदली है। रात के तापमान में गिरावट से ठंड का एहसास हुआ है। इस बीच, मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर बताया है कि 9 और 10 नवंबर को राजस्थान के कुछ जिलों में रात के तापमान में गिरावट के कारण शीतलहर जैसे हालात रहेंगे।

### चलेगी शीतलहर

इस साल भारी बारिश के अनुमान के साथ, सर्दी के और तीखे पड़ने का अनुमान है, और इसका असर अभी से दिखने लगा है। मौसम ने करवट ली है और इसी को देखते हुए भारतीय मौसम विभाग (कटऊ) ने 9 और 10 नवंबर को कुछ राज्यों में शीत लहर जैसी स्थिति की चेतावनी जारी की है।

## सर्दी शुरूः हिमाचल के ताबो में माइनस 2 पर पहुंचा पारा



**शिमला/जयपुर/कोलकाता।** पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद अब मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ रही है। उत्तर भारत में न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी रहेगी, जिसके चलते कई जगह धुंध छाई रहेगी।नवंबर के मध्य तक न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री और कमी आने की संभावना है।

उत्तर भारत में सर्दी ने रफ्तार पकड़ ली है। हिमाचल और राजस्थान में तापमान लगातार गिर रहा है, जबकि पश्चिम बंगाल में भी अगले कुछ दिनों में ठंड बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। हिमाचल के ताबो में -2.0 और कुकुमसेरी में -2.9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार उत्तर-पश्चिमी हवाओं के असर से आने वाले हफ्ते में पहाड़ी राज्यों समेत राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में ठंड और बढ़ सकती है। नवंबर के मध्य तक न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री और कमी आने की संभावना है।

## ऐतिहासिक दौरे पर अंगोला पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार रात अपने राजकीय दौरे पर अंगोला पहुंचीं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली यात्रा है। 8 से 11 नवंबर तक चलने वाले इस दौरे में वे अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको से द्विपक्षीय वार्ता करेंगी, स्वतंत्रता के 50 वर्ष समारोह में भाग लेंगी और भारतीय समुदाय से मिलेंगी। इतना ही नहीं इस दौरे के दौरान प्रोजेक्ट चीता पर भी चर्चा होगी।

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने राजकीय दौरे पर शनिवार रात अफ्रीकी देश अंगोला पहुंचीं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की अंगोला की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, यह ऐतिहासिक दौरा भारत की अफ्रीका और ग्लोबल साउथ के साथ संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। राष्ट्रपति मुर्मू 8 से 11 नवंबर तक अंगोला में रहेंगी। द्रौपदी मुर्मू को अंगोला आने का निमंत्रण वहां के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको ने दिया था। वहीं मामले में विदेश मंत्रालय (एमईए) के सचिव (आर्थिक संबंध) सुधाकर दलेला ने बताया कि यह दौरा भारत के बढ़ते फोकस को दशार्ता है, जिसमें अफ्रीका के देशों के साथ राजनीतिक, आर्थिक, विकास और सांस्कृतिक क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करना शामिल है। इस दौरान प्रोजेक्ट चीता के तहत बोत्सवाना से चीता लाने पर भी चर्चा होगी। अंगोला प्रवास के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू सबसे पहले अपने समकक्ष जोआओ लौरेंको के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। इसके बाद अंगोला की स्वतंत्रता के 50 वर्ष पूरे होने के समारोह में शामिल होंगी और फिर अंगोला संसद को संबोधित करेंगी और वहां के भारतीय समुदाय से मुलाकात करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू इसके बाद 11 से 13 नवंबर तक बोत्सवाना जाएंगी। वहां वे राष्ट्रपति डुमा गिडियन बोको से मिलेंगी और व्यापार, निवेश, तकनीक, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा और जन-से-जन संबंधों पर बातचीत करेंगी। वे बोत्सवाना की संसद को संबोधित करेंगी और सांस्कृतिक व ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करेंगी।

# राफा बॉर्डर के नीचे सुरंग में फंसे हमास के 200 लड़ाके



**गाजा।**

गाजा के राफा बॉर्डर के नीचे, सुरंग में, करीब 200 हमास लड़ाके फंसे हुए हैं, यहां न तो रोशनी है और कोई अन्य सुविधा। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लगभग 200 हमास बंदूकधारियों को सुरक्षित मार्ग देने से इनकार कर दिया है। इस बात से जाहिर है कि हमास के आतंकी उसी सुरंग में अपना दम तोड़ देंगे। इजरायली सेना ने सुरंग के बाहर पत्थर और सीमेंट भरना शुरू कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से, रिपोर्टों में कहा गया है कि इजरायली सेना ने सुरंग निकास मार्गों को पूरी तरह से बंद कर दिया है, जिससे हमास के लड़ाके गाजा के उस हिस्से में फंस गए हैं जो अब इजरायली नियंत्रण में है। इजरायली सेना प्रमुख अयाल जमीर ने सरकार के कड़े रुख की पुष्टि करते हुए कहा कि हमास पर कोई समझौता नहीं होगा। हम उन्हें अंडरवियर में सैन्य ठिकानों तक ले जाएंगे।

### आतंकियों को कोई माफी नहीं दी जाएगी

कुछ इजरायली मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि अगर हमास लड़ाके अपने हथियार डाल दें तो उन्हें आत्मसमर्पण करने की अनुमति दी जा सकती है। हालांकि, नेतन्याहू के कार्यालय ने इन दावों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी हमास सदस्य को माफी या सुरक्षा नहीं दी जाएगी।

## सीएम फडणवीस जांच समिति गठित की

# 'पुणे भूमि घोटाले में जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कार्रवाई होगी'

**मुंबई।**




फडणवीस ने कहा कि जब एफआईआर दर्ज होती है, तो वह संबंधित पक्षों के खिलाफ दर्ज की जाती है। इस मामले में भी कंपनी और उसके अधीकृत हस्ताक्षरकताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा एक जांच समिति भी सौदे के सभी पक्षों की जांच कर रही है। मौजूदा एफआईआर में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाल ही में सामने आए पुणे भूमि घोटाले पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा है कि इस मामले की जांच में जो लोग भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर कार्रवाई होगी, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के पुत्र पार्थ पवार का नाम सामने आ रहा है। विपक्ष उन पर कार्रवाई की मांग कर रही है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पुणे में सरकारी संपत्ति की अवैध बिक्री से जुड़े मामले में अभी तक अजीत पवार के पुत्र पार्थ पवार का नाम स्पष्ट रूप से सामने नहीं आया है। इस सौदे को लेकर एफआईआर दर्ज कर ली गई है, साथ ही एक छह सदस्यीय समिति ने जांच भी शुरू कर दी है। जांच के दौरान यदि कुछ और लोगों के शामिल होने की बात सामने आती है, तो उनका नाम भी एफआईआर में शामिल किया जाएगा। पार्थ पवार का नाम एफआईआर में न होने पर हमला कर रहे विपक्ष को जवाब देते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि जो लोग यह भी नहीं समझते कि एफआईआर क्या होती है, वही इस प्रकार के बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बीच उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने भी एक बयान में कहा है कि उनके पुत्र पार्थ पवार का नाम एफआईआर में नहीं है, क्योंकि उन्होंने रजिस्ट्रेशन डाक्यूमेंट्स पर हस्ताक्षर नहीं किए थे।

अजीत पवार ने यह दावा भी किया कि पार्थ को पता ही नहीं था कि किस जमीन के सौदे की बात हो रही है, या किस जमीन को अवैध रूप से बेचा जा रहा है। बता दें कि इस मामले में विपक्षी दल शिवसेना (यूबीटी) एवं कांग्रेस आरोप लगा रहे हैं।

## कराची में खतरनाक स्मॉग से बढ़ा स्वास्थ्य संकट, बच्चों में निमोनिया-सांस की बीमारियों के मामले बढ़े

**नई दिल्ली।**




पाकिस्तान के कराची में तापमान गिरने के साथ खतरनाक स्तर का स्मॉग छा गया है, जिससे खासकर बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने मास्क पहनने और पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, ठंडी हवाओं की कम रफ्तार और निर्माण कार्यों की धूल से प्रदूषण बढ़ा है, जबकि नमी की कमी के कारण कोहरा नहीं बन रहा। पाकिस्तान के कराची शहर में इन दिनों रहना मुश्किल हो गया है। कारण है कि शहर में न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ खतरनाक स्तर का स्मॉग छा गया है, जिससे लोगों, खासकर बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अुनसार स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को मास्क पहनने, बाहरी गतिविधियां कम करने और पौष्टिक भोजन लेने की सलाह दी है। शहर में दिनभर चल रहे निर्माण कार्यों की धूल ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। मुख्य मौसम वैज्ञानिक अमीर हैदर लघारी ने बताया कि कराची में जो दिखाई दे रहा है वह कोहरा नहीं बल्कि खतरनाक स्मॉग है।

# आवामी लीग के 'ढाका लॉकडाउन' कार्यक्रम से पहले सुरक्षा कड़ी, राजधानी में 7,000 जवानों की बड़ी ड्रिल

**नई दिल्ली।**

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पुलिस ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की भंग पार्टी आवामी लीग के ढाका लॉकडाउन कार्यक्रम से पहले 7,000 जवानों के साथ 142 जगहों पर सुरक्षा ड्रिल की। डीएमपी ने इसे नियमित अभ्यास बताया, लेकिन अधिकारियों के मुताबिक यह संभावित हिंसा रोकने की तैयारी और चेतावनी दोनों है। बांग्लादेश में अगले साल 5 फरवरी को आम चुनाव होने है। राजनीतक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारियां तेज कर दी है। बांग्लादेश पुलिस ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अब भंग की जा चुकी पार्टी आवामी लीग द्वारा घोषित ढाका लॉकडाउन कार्यक्रम से पहले राजधानी में बड़े पैमाने पर सुरक्षा अभ्यास (ड्रिल) किया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) के करीब 7,000 जवानों ने 142 स्थानों पर यह ड्रिल की, जिनमें अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के निवास के आस-पास के इलाके भी शामिल थे। इसका उद्देश्य संभावित हिंसक विरोध प्रदर्शनों से निपटने की तैयारी करना था। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि पूरे ढाका में पुलिस की मौजूदगी बढ़ गई है, जिससे 13 नवंबर को कानून-व्यवस्था को लेकर आम लोगों में चिंता बढ़ गई है।



## संपादक की कलम से

# सरकार बदलना अपराध नहीं

यह कैसा न्याय और लोकतंत्र है? राजधानी दिल्ली में 2020 में दंगे हुए थे। उसके पांच आरोपितों में उमर खालिद, शरजील इमाम और तीन अन्य हैं, जो राक्षसी कानूनयूएपीए के तहत जेल में हैं। जेल के 5 साल बेहद लंबे और कष्टकारक होते हैं। यूएपीए आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का एक बेहद कड़ा और पेचीदा कानून है। टाडा और पोटा को समाप्त कर यूएपीए बनाया गया था। इन 5 लंबे सालों में दिल्ली पुलिस कैद नौजवानों को न तो आतंकवादी और न ही दंगई साबित कर पाई है। अदालत में आरोप तक तय नहीं हो पाए हैं। दिल्ली पुलिस ने सर्वोच्च अदालत में हलफनामा दाखिल कर इन नौजवान आरोपितों की जमानत का भी विरोध किया है। तर्क दिया गया है कि उन्होंने देश की सरकार बदलने की साजिश रची थी। कमोबेश अदालत के जरिए यह भी देश के सामने आना चाहिए था कि इन नौजवानों ने किस संगठन या आतंकियों के साथ साजिश रची थी? बेहद गंभीर सवाल है कि क्या लोकतंत्र में सरकार बदलना कोई अपराधहै अथवा यह अवैधकवायद है? पांच साल काफी लंबा वक्त है। यूएपीए के प्रावधान बेहद कड़े हैं और उनमें जमानत मिलना लगभग असंभव है। यदि इन नौजवानों को, सजायाफ्ता घोषित हुए बिना ही, निरंतर जेल में रखना है, तो फिर मौलिक अधिकार, संविधान, लोकतंत्र की बातें करना या दावे करना फिजूल है। यदि पांच साल जेल काटने के बाद वे बेकसूर साबित हुए, तो इस सजा का हजार्ना कौन भरेगा? देश में ऐसा कोई ठोस कानून नहीं है, जो ऐसी स्थिति में दोषी व्यक्ति या सरकार तय कर सके। सर्वोच्च अदालत ही कई मौकों पर टिप्पणी कर चुकी है कि एक आरोपित को लंबे वक्त तक, महज आरोपों के आधार पर ही, जेल में कैद रखना भी अवैधहै। फिर ये शिक्षित नौजवान जमानत पाने से वंचित क्यों हैं? चूंकि वे मुसलमान हैं, लिहाजा आतंकी या दंगई भी होंगे, यह कोई मानदंड नहीं है। वे जेल में बंद रहेंगे, सिर्फ यूएपीए के प्रावधानों के कारण! दुर्भाग्य और विडंबना है। ऐसा कानून देश के नागरिक से बड़ा और महत्वपूर्ण नहीं हो सकता। इसे संशोधित किया जाना चाहिए। बहरहाल लोकतंत्र में सरकार बदलना अथवा एक समानांतर जनमत तैयार करना कोई संवैधानिक गुनाह नहीं है। सरकार के साथ संसद सबसे महत्वपूर्ण संस्था है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्सके मुताबिक, करीब 46 फीसदी, यानी 251, सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, लेकिन वे जेल के बजाय संसद में मौजूद हैं और देश के लिए कानून बना रहे हैं। उनमें से 170 सांसद ऐसे हैं, जिनके खिलाफ बलात्कार, हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण, फिरौती और महिला संबंधी गंभीर अपराध दर्ज हैं, अदालत में तारीखें पड़ रही हैं, लेकिन उन्हें तो साल–दर–साल जेल की सजा नहीं सुनाई गई! यह कैसा लोकतंत्र है? क्या देश में दोगली न्यायिक व्यवस्था है? इन पांच सालों में कमोबेश यह ही स्पष्ट कर दिया गया होता कि इन नौजवानों के अपराध क्या हैं? उनकी पढ़ाई बर्बाद हो रही है, करियर नष्ट हो रहा है, ऐसे नौजवानों को देश की ताकत बनाया जाना चाहिए था। देश में ऐसा कौन–सा राज्य या शहर है, जहां भयावह दंगे नहीं हुए, पत्थर, लाठी–डंडे–तलवार नहीं चले, आगजनी नहीं की गई, सांप्रदायिकता का जहर नहीं फैलाया गया! भारत तो मानसिक तौर पर ही दंगों का देश है। हमारा सरोकार सिर्फ इतना है कि सरकार बदलना कोई अपराध नहीं है और वह भी यूएपीए के तहत! संसद में विपक्षी सांसद सवाल पूछते हैं, कामरोको प्रस्ताव दिए जाते हैं, सरकार के प्रति अविश्वास जताने वाले नोटिस दिए जाते हैं, लोकतंत्र में पूरी राजनीति और मुखालफत सरकार बदलने के मद्देनजर ही की जाती रही है। क्या वे सभी अपराधीहैं? यदि आरोपित नौजवान देश के खिलाफ युद्ध जैसे हालात बनाते, सरकार के पतन की साजिश रचते, विध्वंस की बर्बादियां सामने आतीं, नरसंहार किए जाते, तो बेशक ये ऐसे अपराध माने जाते, जिसमें यूएपीए लागू किया जाता और आतंकियों, देशद्रोहियों को जेल में डाला जाता!


ललित शर्मा
संपादक

## डॉ.राजीव डोगरा



### विद्यालय स्मृति चिन्ह


कविता


दहलीज लांघी जब विद्यालय की
तो याद आया
जा चुके वक्त में
बच्चों का हंसना–मुस्कुराना,
एक दूसरे से लड़ना
और फिर गले से लग जाना।
अध्यापक की जरा सी
डांट पर बच्चों का रूठ जाना
पहले नम आंखें कर
फिर अश्रु बहाना।
अध्यापक का जरा सा
देखकर मुस्कुराना,
फिर अपनी ममता की
छाया में लेकर
मां की तरह चुप करवाना।
मगर जब वक्त ने अपनी
दहलीज लगी तो
अध्यापक ने कहा,
₹सामने जो बैठे थे कल
मेरे वो बच्चे कहां?₹
विद्यालय के बाहर खड़े
बच्चों ने कहा,
₹डांटा कर भी जीवन का
सही राह दिखाते
मेरे वो अध्यापक कहा?

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आत्मघाती होती शिक्षा प्रणाली
# मौतों का भयावह यथार्थ


ललित गर्ग



*देश में मोटी पगार वाली नौकरियों की गलाकाट स्पर्धा में शिक्षण संस्थाएं व शिक्षक उस दायित्व को भूल गए हैं, जो छात्रों को विषयगत शिक्षा के साथ विषम परिस्थितियों के बीच जीवन जीने की कला सिखा सके। उन्हें व्यावहारिक जीवन का कौशल सिखाने के साथ ही चुनौतियों से जूझने की मानसिक शक्ति विकसित करने के लिए तैयार कर सकें। आखिर किसी परिवार की उम्मीद को किस स्थिति में यह सोचना पड़ता है कि मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प है? शिक्षा परिसरों में ऐसी स्थितियां क्यों विकसित हो रही हैं कि विद्यार्थी जीवन से हार मानने लगे हैं? निस्संदेह, शिक्षण संस्थानों का एक मात्र लक्ष्य किताबी ज्ञान देकर डिग्री बांटने तक ही नहीं हो सकता।यह प्रश्न अब टालने योग्य नहीं रहा कि क्या हम बच्चों को पढ़ा रहे हैं या उन्हें धीरे–धीरे तोड़ रहे हैं? शिक्षा यदि आत्महत्या का कारण बन जाए, तो उससे बड़ा विडंबनापूर्ण पराजय कोई नहीं। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जो बच्चों को जीवन से प्रेम करना सिखाए, न कि जीवन से भागना। महर्षि अरविंद ने कहा था– सच्ची शिक्षा वह है जो भीतर की दिव्यता को प्रकट करे। समय आ गया है कि हम शिक्षा की दिशा को पुनर्परिभाषित करें, जहाँ परीक्षा नहीं, व्यक्तित्व महत्वपूर्ण हो; रैंक नहीं, रचनात्मकता का मूल्य हो; और सफलता नहीं, संतुलन एवं सुख शिक्षा का लक्ष्य बने। यदि हम यह नहीं कर पाए, तो आने वाले वर्षों में यह आंकड़ा–14,000 से बढ़कर, हमारी सामूहिक संवेदनहीनता की जीवित कब्र बन जाएगा। निस्संदेह, देश के स्कूली छात्रों में आत्मघात की प्रवृत्ति राष्ट्र की गंभीर क्षति है, जिसे संवेदनशील ढंग से दूर करने की तत्काल जरूरत है।*

भारत की शिक्षा प्रणाली को लेकर समय-समय पर प्रश्न खड़े होते रहे हैं। शिक्षा की विसंगतियों एवं दबावों के चलते भी अनेक सवाल खड़े हैं। इन्हीं से जुड़ा यह एक बेहद हृदय विदारक और चिंताजनक तथ्य है कि एक वर्ष देश में लगभग 14,000 स्कूली बच्चों ने आत्महत्या कर ली। इस तथ्य की पुष्टि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ( एनसीआरबी ) भी कर रही है। अधिक घातक तथ्य यह है कि बीते एक दशक में छात्रों की आत्महत्या के मामलों में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 की तुलना में यह संख्या 34 प्रतिशत अधिक है। यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि उन मासूम सपनों की समाधियाँ हैं जिन्हें हमारी शिक्षा प्रणाली ने दम तोड़ने पर विवश कर दिया।

यह स्थिति किसी एक स्कूल, राज्य या परिस्थिति की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय शिक्षा तंत्र की विफलता का दर्पण है। पहली नजर में इतनी बड़ी संख्या में आत्मघात के मूल में पढ़ाई का दबाव, अभिभावकों की अतिश्योक्तिपूर्ण महत्वाकांक्षाएं, छात्रों की संवेदनशीलता और तंत्र की नाकामी बताई जा सकती है। लेकिन सवाल है कि हमारा तंत्र क्यों संवेदनहीन बना हुआ है? यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को तलब करके इस बाबत विस्तृत विवरण मांगा है। साथ ही सवाल पूछा है कि क्या देश के सभी शिक्षण संस्थान छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी निभा रहे हैं? शिक्षा को प्रतिस्पर्धा का रणक्षेत्र कब तक बनने दिया जाता रहेगा? आज का विद्यार्थी बचपन से ही एक ऐसी अंधी एवं प्रतिस्पर्धी दौड़ में धकेल दिया जाता है, जिसमें लक्ष्य अंक, ग्रेड, और रैंक बन गए हैं-ज्ञान, संवेदना और चरित्र नहीं। स्कूल अब शिक्षालय नहीं, बल्कि परीक्षा-केंद्र यानी गलाकाट प्रतियोगिता के केन्द्र बन चुके हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज-सभी ने मिलकर एक ऐसा माहौल बना दिया है, जहाँ सफलता का अर्थ केवल डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस या उच्च वेतन वाली नौकरी तक सीमित हो गया है। शिक्षा अब व्यक्ति के भीतर के मनुष्यत्व, रचनात्मकता और संवेदना को विकसित करने का माध्यम नहीं रही, बल्कि उसने जीवन को प्रदर्शन की प्रतियोगिता बना दिया है। छोटे बच्चों पर कोचिंग का बोझ, अभिभावकों की अपेक्षाएँ, और असफलता का भय?-ये तीन त्रिकोणीय दबाव उन्हें धीरे-धीरे मानसिक रूप से तोड़ देते हैं। शिक्षा अब एक बोझ और मानसिक तनाव का कारण बन गयी है। एनसीआरबी के आँकड़े बताते हैं कि छात्रों में आत्महत्या के प्रमुख कारण हैं-परीक्षा में असफलता, अभिभावकीय दबाव, भविष्य की चिंता और मानसिक अवसाद। भारत दुनिया के उन शीर्ष देशों में शामिल है जहाँ किशोरों में डिप्रेशन और आत्महत्या की प्रवृत्ति सबसे अधिक है। कबीर ने कहा था-पढ़ि-पढ़ि पंडित भया, पर भीतर का मन ना गया। आज की शिक्षा बच्चों को केवल जानकार बना रही है, ज्ञानी नहीं। विद्यालयों में रट्टामार संस्कृति, अंक-केंद्रित मूल्यांकन और शिक्षकों की संवेदनहीनता बच्चों के भीतर आत्मविश्वास के बजाय भय भर रही है। कई प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटर्स में तो यह प्रवृत्ति और विकराल हो जाती है। कोटा, पटना, हैदराबाद, चेन्नई जैसे शहरों में हर वर्ष दर्जनों विद्यार्थी आत्महत्या करते हैं। विडंबना यह है कि वहाँ शिक्षा से ज्यादा प्रतियोगिता का उद्योग पनप गया है। बच्चे अपने परिवारों से दूर, दबाव और भय में जीते हैं, और अंततः जीवन से हार जाते हैं। साल 2020 में आई नई शिक्षा नीति ( एनइपी ) को लेकर बहुत उम्मीदें थीं कि शायद यह शिक्षा को बच्चों के बोझ से मुक्ति देगी, उसे रचनात्मकता और नैतिकता से जोड़ेगी। नीति में होलिस्टिक लर्निंग, जॉयफुल एजुकेशन, रिड्यूस्ड बोर्ड प्रेशर जैसे शब्द तो हैं, पर व्यवहारिक स्तर पर हालात में कोई ठोस परिवर्तन नहीं आया।

स्कूलों में परीक्षा का दबाव जस का तस है, कॉलेजों में बेरोजगारी का डर और कोचिंग की होड़ बढ़ी है। शिक्षा नीति के भीतर आत्महत्या जैसे मानसिक स्वास्थ्य संकट पर कोई गंभीर विमर्श नहीं हुआ। जब तक शिक्षा नीति का केंद्र मानव-निर्माण नहीं होगा, तब तक यह प्रणाली केवल आंकड़े बढ़ाएगी-आत्महत्याओं के भी और बेरोजगारों के भी। सवाल यह भी है कि शैक्षणिक परिसरों में आत्महत्या रोकने के लिये जो कदम केंद्र व राज्य सरकारों को उठाने चाहिए थे, उसके बाबत देश की शीर्ष अदालत को क्यों पहल करनी चाहिए? इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि केंद्र व राज्य सरकारें आठ सप्ताह के भीतर वह विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत करें, जो आत्महत्या रोकने के दिशा-निदेर्शों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। शिक्षा का मूल उद्देश्य क्या है? महात्मा गांधी ने कहा था- शिक्षा का अर्थ है शरीर, मन और आत्मा का सम्यक विकास। स्वामी विवेकानंद ने भी कहा शिक्षा वह है जो व्यक्ति में आत्मविश्वास, आत्मसंयम और आत्मबल भर दे। परंतु आज की शिक्षा न शरीर को स्वस्थ रख पा रही है, न मन को शांत, न आत्मा को ऊँचा। बच्चों को किताबों के बोझ तले दबा दिया गया है, पर जीवन की समझ नहीं दी गई। उन्हें बताया गया कि असफलता अपराध है, जबकि जीवन का सबसे बड़ा शिक्षक तो असफलता ही होती है। माता-पिता और शिक्षक दोनों को यह समझना होगा कि बच्चा कोई प्रोजेक्ट नहीं, एक जीवित आत्मा है। उसे सफलता के साँचे में ढालने से पहले उसे अपने ढंग से खिलने का अवसर देना जरूरी है। शिक्षक यदि केवल अंक देने वाले बन जाएँ और अभिभावक केवल रिपोर्ट कार्ड से बच्चे की योग्यता मापें, तो बच्चे का आत्मसम्मान कुचलना निश्चित है। जरूरी है कि घर और स्कूल दोनों जगह एक भावनात्मक संवाद स्थापित हो-जहाँ बच्चा अपनी असफलता, डर और उलझन को बिना भय के साझा कर सके। भारत में मानसिक स्वास्थ्य को अब भी गंभीरता से नहीं लिया जाता। अधिकांश स्कूलों में काउंसलिंग सिस्टम या तो है ही नहीं या नाममात्र का है। बच्चों को यह सिखाया ही नहीं जाता कि तनाव से कैसे निपटें, असफलता को कैसे स्वीकारें या भावनाओं को कैसे व्यक्त करें।

जिन्हें हम टॉपर कहते हैं, वे अक्सर भीतर से टूटे हुए होते हैं। आत्महत्या करने वाले बच्चों के पीछे अक्सर यह मनोवैज्ञानिक सत्य होता है कि उन्होंने कभी किसी से अपनी व्यथा कही ही नहीं। शिक्षा को केवल सूचना-प्राप्ति का माध्यम नहीं, जीवन-समझ का साधन बनाना होगा। जब तक बच्चों को यह नहीं सिखाया जाएगा कि जीवन अंक-पत्र से बड़ा है, तब तक यह संकट बना रहेगा। विद्यालयों में ध्यान, योग, संवाद, कला, संगीत और नैतिक शिक्षा को अनिवार्य बनाना चाहिए। सिर्फ पाठ्यक्रम नहीं, संवेदना-केंद्रित संस्कृति गढ़नी होगी।

# संतुलन का पाठ


विजय गर्ग

किताबों के पन्ने पलटते हुए अंगुलियों पर जमी स्याही की हल्की परछाइयां, नई किताब की स्याही और कागज की मिली-जुली खुशबू या पुरानी किताबों की पीली पड़ चुकी पत्तियों से आती मद्धम सी गंध..! कभी ये सब हमारे अध्ययन की दुनिया का हिस्सा हुआ करते थे। किताब केवल ज्ञान का स्त्रोत नहीं थीं, बल्कि एक भावनात्मक अनुभव भी थीं। उस समय पढ़ाई का अर्थ था किताब के पन्नों में डूब जाना, धीरे-धीरे अक्षरों को आत्मसात करना और अपने ही बनाए संसार में खो जाना। समय बदला। आज वही किताबें हमारी जेब में, मोबाइल स्क्रीन पर या टैबलेट के चमकते डिजिटल पन्नों में समा गई हैं। हम 'स्वाइप' करके पन्ने पलटते हैं और 'सर्च' बटन दबाकर तुरंत अपनी जरूरत की जानकारी पा

लेते हैं। यह सुविधाजनक है, तेज है और आधुनिक समय की मांग भी। पर सवाल यह है कि क्या डिजिटल पन्ने किताबों की उस खुशबू और स्पर्श को पूरी तरह बदल पाए हैं? कागज का मोह कागज पर छपी किताबें सिर्फ पढ़ने का साधन नहीं, बल्कि जीवन का हिस्सा होती हैं। किसी उपन्यास को पढ़ते समय चाय का कप हाथ में हो और किताब गोद में, यह दृश्य न जाने कितने लोगों के जीवन की यादों में दर्ज है। किताबें हमें धैर्य सिखाती हैं। पन्ने पलटने की धीमी गति हमें शब्दों के साथ जीने का अवसर देती है। किताबें स्मृतियों का खजाना भी होती हैं। पुरानी किताब के पन्नों पर बने निशान, किनारों पर लिखी गई टिप्पणियां या बीच में रखी सूखी पत्तियां, वर्षों बाद भी हमें अतीत की यात्रा करवा देती हैं। यही वह भावनात्मक जुड़ाव है जो डिजिटल पन्नों में अक्सर नदारद होता है। जैसा कि प्रसिद्ध अमेरिकी लेखिका जेन आस्टिन ने कहा था- 'किताबों से बिना प्रेम किए जीना वैसा ही है, जैसा आंखें होते हुए भी प्रकाश से वंचित रहना।' इसके अलावा, शोध बताते हैं कि कागज पर पढ़ने से हमारी एकाग्रता और स्मरण शक्ति अधिक गहरी होती है। जब हम स्क्रीन पर पढ़ते हैं तो लगातार आने वाले 'नोटिफिकेशन' और चमकती रोशनी हमें विचलित कर देती है, जबकि किताब का पन्ना हमें शांति और सन्नाटा देता है। डिजिटल पन्नों का आकर्षण यह भी सच है कि आज की तेज रफ्तार जिंदगी में डिजिटल पन्नों ने पढ़ाई को नया आयाम दिया है। अब किसी दुर्लभ किताब को पाने के लिए महीनों इंतजार नहीं करना पड़ता। बस कुछ सेकंड में ई-बुक डाउनलोड हो जाती है। छात्र - छात्राएं हजारों पन्नों का अध्ययन एक छोटे-से 'डिवाइस' या यंत्र में लेकर घूम सकते हैं। डिजिटल पन्ने पर्यावरण के अनुकूल भी हैं, क्योंकि कागज बनाने के लिए पेड़ों की कटाई कम हो सकती है। साथ ही, डिजिटल मंच पर खोज करना बेहद आसान है। किसी विशेष विषय या शब्द को ढूंढ़ना महज कुछ पल का काम है, जबकि यही प्रक्रिया मोटी किताबों में समय ले सकती थी। डिजिटल युग ने अध्ययन को लोकतांत्रिक भी बनाया है। जहां पहले अच्छी किताबें केवल बड़े शहरों या महंगे पुस्तकालयों में मिलती थीं, वहीं अब इंटरनेट पर उपलब्ध मुफ्त ई-किताबें और आनलाइन लेख दुनिया के किसी भी कोने में बैठे पाठक तक पहुंच जाते हैं। पीढ़ियों का फर्क आज की युवा पीढ़ी मोबाइल और टैबलेट पर पढ़ने की अधिक आदी हो गई है। उनके लिए किताब का वजन उठाना बोझिल लगता है, जबकि स्क्रीन पर पढ़ना सरल और आकर्षक। दूसरी ओर, पुरानी पीढ़ी अब भी मानती है कि किताब की आत्मा उसकी छपाई और खुशबू में बसी होती है। यही कारण है कि घरों की अलमारियों में रखे उपन्यास, धार्मिक ग्रंथ या कक्षा की पाठ्यपुस्तकें अब भी अपनी जगह बनाए हुए हैं। यह पीढ़ीगत अंतर केवल तकनीक का सवाल नहीं है, बल्कि अनुभव का भी है। किताब के साथ बिताया गया समय एक भावनात्मक रिश्ता बनाता है, जबकि डिजिटल पन्ने हमें सुविधा और त्वरित ज्ञान तो देते हैं, लेकिन वह अपनापन नहीं, जो किताबें देती हैं। प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने एक बार कहा था- 'जिसके पास किताबें और कल्पनाशक्ति है, वह कभी अकेला नहीं हो सकता।' यह कथन आज भी उतना ही सच है। चाहे कागज की किताब हो या डिजिटल स्वरूप, अध्ययन हमें अकेलेपन से निकालकर नए संसार में ले जाता है।

# अवसरवादिता से विकास में बाधा


संजीव ठाकुर

देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण से देश बहुत नुकसान पहुंचा है। अपरिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं के परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि और अदूरदर्शिता की सोच के कारण कई बार जनता को हानि हुई है। राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है। इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक असुरक्षा चरित्र को जन्म देती है। अवसरवादीता राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने जैसा है। यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं।

लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं। भारतीय परंपरा में भी साम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है। इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं। यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है। कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं। यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श और विकास के विपरीत चले जाते हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैं। अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रतिमान को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों में बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है। पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं।

लोकतंत्र में राजशाही की तरह शासकीय धन का मनमाना दुरुपयोग एक अनैतिकग प्रक्रिया है एवं यह सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने का निम्न स्तरीय हथकंडा भी है। इससे न सिर्फ जनता पर करों का बोझ पड़ता है बल्कि सार्वजनिक रूप से किए जाने वाले जनहित के कार्यों का भीक अवरोध बन जाता है। चुनाव में मतदान को प्रभावित करने के लिए टीवी में मोबाइल फोन लैपटॉप आदि का प्रॉब्लम भी लोकप्रियता किंतु आर्थिक दूरदर्शी एवं लोकतांत्रिक न्याय के प्रतिकूल है। पाकिस्तान,म्यानमार उत्तर कोरिया देशों में व्यापक सुरक्षा हिंसा आतंकवाद पर नियंत्रण की लूट प्रिय तावादी धारणा का प्रयोग सैन्य प्रभाव को बरकरार रखने के लिए हो रहा है। लोकतंत्र का सदैव उद्देश्य तथा आदर्श जनता का समर्थन प्राप्त करना जनता, किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना एवं जनता की हर सुविधा का ध्यान रखना है। पर देश का लोकतंत्र सत्ताचारिता, अवसरवादीता एवं एन-केन सत्तारूढ़ बने रहने की जुगत में क्षतिग्रस्त होता जा रहा है। लोकतंत्र की भविष्य की संभावनाएं एवं उसके स्तंभ कमजोर होते जा रहे हैं ऐसे में देश के समृद्ध एवं प्रबुद्ध वर्ग को पहल करने आगे आना होगा अन्यथा लोकतंत्र के दुरुपयोग के दूरगामी परिणाम विध्वंसकारी भी हो सकते हैं। अवसरवादी लोकप्रियतावादी विचारों के असंतुलित तात्कालिक लाभों के स्थान पर बहुआयामी लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर ही संतुलित विकास एवं समायोजन पर ध्यान देना चाहिए।परिणाम स्वरूप जनता ,सरकार ,राजनीतिक दल, मीडिया, सिविल सोसाइटी तथा अन्य सभी के हित की दृष्टि में बहुत ही व्यापक तथा दूरगामी परिणाम लाने वाले लोकतांत्रिक स्तंभ को एकजुट होकर सामाजिक संतुलन बनाए रखना होगा। एवं हम सभी के समेकित प्रयास से लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों एवं उसकी मूलभूत अवधारणाओं की रक्षा हो सकेगी।

# पुलिस लाइन में भव्यता के साथ मनाई गयी वन्दे मातरम गीत की 150 वीं वर्षगांठ

वेलकम इंडिया

**रामपुर।** राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रामपुर शहर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में कार्यक्रम का भव्य आयोजन जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, जिला अध्यक्ष भाजपा हरीश गंगावार एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ वन्दे मातरम् के 150 वर्षों की गौरवगाथा पर आधारित विशेष प्रस्तुति के साथ किया गया, जिसमें राष्ट्रीय गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका तथा भारतीय समाज को एक सूत्र में जोड़ने में इसके योगदान का विस्तृत उल्लेख किया गया।

प्रस्तुति के दौरान उपस्थित जनसमूह ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रगौरव और त्याग की भावना को महसूस किया।

इसके उपरांत अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस बल तथा प्रतिभागियों द्वारा एक साथ सामूहिक वन्दे मातरम् गायन किया गया। सामूहिक स्वर में गूँजते वन्दे मातरम ने पूरे परिसर में देशभक्ति और उत्साह का वातावरण निर्मित किया। कार्यक्रम स्थल पर सहभागी जनसमूह में विशेष ऊर्जा और राष्ट्रभावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि वन्दे मातरम् केवल एक राष्ट्रीय गीत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय एकता और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 150 वर्षों की इस ऐतिहासिक यात्रा ने हमें सिखाया है कि देश की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने युवाओं, कर्मचारियों और अधिकारियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जनपद व समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राष्ट्रीय गीत देश की अखण्डता, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग सदैव देश की सुरक्षा, समाज की शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए कार्यरत है।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम पुलिस बल के मनोबल को मजबूत करते हैं और उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति प्रेरित भी करते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि वन्दे मातरम ने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक देश की चेतना को प्रबल किया है। उन्होंने कहा कि 150वीं वर्षगाँठ राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं जनहित को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस बल के जवानों तथा कर्मचारियों के साथ ही स्कूली बच्चों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।



# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** हल्दौर ग्रुप आफ कॉलेज हल्दौर में मिशन शक्ति, एन एस एस (छात्र एवं छात्रा इकाई) के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय गीत ₹वंदे मातरम₹ के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार ने की। वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन श्रीयांशी रस्तोगी और तनिष्का राजपूत द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, सांस्कृतिक एकता, और राष्ट्रीय गर्व की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ अनुज कुमार ने बताया कि अंग्रेजी हुक्मरानों ने इंग्लैंड की महारानी के सम्मान वाले गीत गौड सेव द क्वीन को हर कार्यक्रम में गाना अनिवार्य कर दिया था। इससे बंकिम चंद्र चटर्जी समेत कई देशवासी आहत हुए थे। इसके जवाब में उन्होंने 1874 में वंदे मातरम शीर्षक से एक गीत की रचना की। बंकिम चंद्र चटर्जी ने यह गीत चिनसुरा में लिखा था जो हुगली नदी के पास है। यह गीत 1882 में प्रकाशित उपन्यास आनंद मठ से लिया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर ध्यानचंद स्टेडियम मे स्वर्णिम इतिहास हॉकी के मुकाबलो के साथ मनाया गया



वेलकम इंडिया

**झांसी।** भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में ध्यानचंद स्टेडियम में स्वर्णिम इतिहास हॉकी के मुकाबलों के साथ मनाया गया। झांसी हॉकी संघ के तत्वाधान में आज वेटरन सहित कुल चार मुकाबला कराए गए। सभी खिलाड़ियों को भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष पूरा होने की उपलक्ष्य में प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

ध्यान चंद स्टेडियम के एस्ट्रोटर्फ मैदान पर आयोजित इन मुकाबलों के मुख्य अतिथि झांसी ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लू वेल्स पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष वीरेंद्र राय एवं माउंट लिट्रा जी स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. रोहित पांडेय तथा पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जमशेद खान रहे। अतिथियों ने प्रदर्शनी मैच में खिलाड़ि ?यों से परिचय प्राप्त किया। पहला प्रदर्शनी मैच बालक वर्ग में अंडर 16 आयु वर्ग में एल. वी. एम. हॉकी एकेड ?मी व खेलो इंडिया झाँसी सेन्टर के मध्य खेला गया, जिसमे एल. वी. एम. हॉकी एकेडमी 2-1 से विजयी रही। एल, वी. एम. के असद खान एवं सुयशि ने एक-एक गोल किया। दूसरा मैच बालिकाओं का सनातन धर्म कन्या इण्टर कॉलेज व एलवीएम हॉकी एकेडमी के मध्य खेला गया, जिसमे सनातन धर्म कन्या स्कूल की कंचन ने एक मात्र गोल कर विजय श्री दिलाई। तीसरा मैच वरिष्ठ हाँकी खिलाड़ी व सब जूनियर बालक एलवीएम हॉकी एकेडमी के मध्य खेला गया, जिसमे वरिष्ठ खिलाड़ीयों की टीम 3-2 गोल से विजयी रही। वरिष्ठ खिलाड़ीयों की उम्र 60 वर्ष से अधिक थी, परन्तु अनुभव के कारण तीन गोल किये। इनमें हिकमत उल्ला खान, अशोक ओझा और लखनलाल ने एक-एक गोल किया। चौथा मैच बालक ओपन का स्पोर्टस हॉस्टल, झाँसी व उत्तर मध्य रेलवे के मध्य खेला गया, जिसमे स्पोर्टस हॉस्टल की टीम 3-1 से विजयी रही।

हॉस्टल के प्रधुम्न, अक्षत एवं संदीप ने एक-एक गोल किया और शताब्दी वर्ष मे आयोजित प्रदर्शनी मैच का विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। अम्पायर की भूमिका में जावेद अल्ताफ, मो. जावेद, मनीषा एवं कशिश यादव रहीं। टैक्नीकल टेबल पर अशोक चन्द्र ओझा, सुनीता तिवारी एवं विनम्र खण्डकर ने भूमिका निभाई।

# चांदपुर टीम तीन विकेट से विजयी

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में और बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा बिजनौर में क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से अंडर - 19 जिला स्तरीय लीग प्रयोगिता के दुसरे दिन स्टेडियम बी व चांदपुर तहसील के बीच मैच खेला गया जिसमें स्टेडियम बी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर 150 रन बनाए। जिसमे आदर्श ने 38, देवांश ने 29, कबीर वशिष्ठ ने 28 रन बनाए चांदपुर की ओर से वैभव तोमर ने 4 व आरुष तोमर ने 3 विकेट लिए जवाब में चांदपुर की टीम ने 26.4 ओवरों में 7 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर तीन विकेट से विजय प्राप्त की। चांदपुर की जीत में निगम ने 27, मनदीप ने 29, अभिनव ने 27रनों का महत्व पूर्ण योगदान रहा। स्टेडियम बी की तरफ से साबिर, उमर, अंश ने 2-2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि योगेन्द्र पाल सिंह योगी अध्यक्ष विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश ने दिया। कल का मैच बिजनौर अ व नजीबाबाद के बीच सुबह 8.30 पर आरम्भ होगा। अंपायर अमित कुमार, और आर्यमन चौधरी व स्कोरर अभिषेक रहे। इस मौके पर नागेन्द्र सारस्वत, संजीव चौधरी, मानव सचदेवा , दीपक भटनागर, तुषार मालिक, नासिर ज्ञान वर्मा, पुनिश कुमार उपस्थित रहे।



# अवनी सिंह सदस्य महिला आयोग द्वारा 10 नवंबर को विकास खण्ड नूरपुर में महिला जनसुनवाई करेंगी

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अवनी सिंह सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ द्वारा विकास खण्ड नूरपुर में महिला जनसुनवाई एंव आंगनवाड़ी कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा पीड़ित/पीड़िता की सुगमता के दृष्टिगत विकास खण्ड नूरपुर सभागार में 10 नवंबर 2025 को 11 बजे पूर्वान्ह से महिला जन सुनवाई की जानी प्रस्तावित है। तत्पश्चात उनके द्वारा विकास खण्ड नूरपुर के ग्राम राहुनंगली में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।



# उत्तराखंड की लोक संस्कृति के विविध रंग बिखेरे



वेलकम इंडिया

**गरुड़।** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने लोक संस्कृति के विविध रंग बिखेरे। छात्र-छात्राओं ने नृत्य,एकल एवं सामूहिक गायन प्रस्तुत किया । रोहित कांडपाल, दीपांशु पांडेय, मनीषा ने कुमाऊनी लोक गीत गाया। अंकिता पांडे, पूजा एवं पूजा फुलेरा ने सामूहिक गीत, रीमा आर्या, मनीषा ने एकल गीत प्रस्तुत किया अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डा. डीएन तिवारी ने कहा कि पहाड़ की सुरम्य वादियों में संगीत स्वयं गुंजायमान होता है। वरिष्ठ प्राध्यापक डा. शिवप्रकाश राय, डा. लता आर्या, शेर राम टम्टा, डा. दिवाकर टम्टा, डा. प्रियंका यादव, दीपा ने उत्तराखंड राज्य की विस्तृत जानकारी दी। राज्य स्थापना दिवस की नोडल अधिकारी डा. श्वेता पंत ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। संचालन सांस्कृतिक परिषद के संयोजक डा. अवधेश तिवारी ने किया। इस दौरान पावन नगरकोटी, शुभम, ताजबर सिंह, गणेश नाथ,गणेश जोशी,गोपाल गिरी आदि मौजूद थे।

# दो चरणों में विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा छात्र के साक्षात्कार के उपरान्त किया गया

वेलकम इंडिया

**झांसी!** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 झांसी के कक्षा 10 के छात्र मास्टर अंकित त्रिपाठी द्वारा बनाये गये 'एअर केयर वोट एवं ऐप' का चयन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली के प्रयास (प्रमोशन ऑफ रिसर्च एटिट्यूड इन यंग एण्ड एस्पाइरिंग स्टूडेंट्स) स्कीम के तहत दो चरणों में विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा छात्र के साक्षात्कार के उपरान्त किया गया है। प्रयास योजना स्कूली छात्रों में शोध को प्रोत्साहित करने हेतु भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसमें शोधकार्य विश्वविद्यालय अथवा उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा कराया जाता है। विद्यालय की रसायन विज्ञान प्रवक्ता एवं अटल लैब प्रभारी श्रीमती रंजना उपाध्याय ने बताया कि उक्त स्कीम हेतु सम्पूर्ण भारत के विभिन्न स्कूलों द्वारा नामांकन किया गया परन्तु अर्बन कैटेगरी में 12 प्रोजेक्ट चयनित हुए और अंकित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह एक बड़ी उपलब्धि है। पूरे देश से प्रयास स्कीम के तहत कुल 38 प्रोजेक्ट सलेक्ट हुए हैं। छात्र का प्रोजेक्ट एक ड्रोन वेस्ड रोबोट है जो जहरीली गैस एवं स्मोग की सफाई करने में सक्षम होगा। इस ऐप के द्वारा हर मिनट डेटा वैरिफाई किया जा सकता है। छात्र को शोध हेतु 50,000 का अनुदान एनसीइआरटी द्वारा दिया जायेगा। इस शोध कार्य को पूर्ण करने के लिए पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय से श्रीमती रंजना उपाध्याय तथा बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ संजीव कुमार श्रीवास्तव दोनों को मेंटर बनाया गया है। इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अनुपम व्यास मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेंगे। इस अनुसंधान को पूरा करने के लिए झांसी के बुन्देलखण्ड जनता डिग्री कॉलेज की मूलभूत व अवस्थापना सुविधाएं प्रयोग की जाएंगी। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मुकेश पाण्डेय द्वारा छात्र एवं मेंटर शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निश्चय ही छात्र अंकित त्रिपाठी ने झाँसी जिले को गौरवान्वित किया है। कुलपति ने शोध हेतु आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया गया साथ ही विद्यालय के प्राचार्य एनबी अग्रवाल को उक्त उपलब्धि हेतु बधाई दी।




# डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत मॉडल प्राइमरी स्कूल सराय बहेलिया व शुकुलपुर का किया निरीक्षण

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने आज अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति व उप जिलाधिकारी नैन्सी सिंह के साथ तहसील सदर अंतर्गत मॉडल प्राइमरी स्कूल सराय बहेलिया व मॉडल प्राइमरी स्कूल शुकुलपुर में पहुंचकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत चल रहे मतदाता गणना प्रपत्र वितरण का निरीक्षण किया। डीएम ने मॉडल प्राइमरी स्कूल सराय बहेलिया व शुकुलपुर पहुँचकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र का वितरण किया और अपील की कि वे इस अभियान के महत्व को समझते हुए समय पर अपने गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को सौंपें। उन्होने कहा भी सभी मतदाताओं को यह गणना प्रपत्र भरना है। जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामवासियों को गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी भी दी। उन्होंने उपस्थित बीएलओ को निर्देश दिया कि सभी प्रपत्र यथाशीघ्र वितरित करा दिए जाएं, ताकि मतदाता समय पर अपनी जानकारी उपलब्ध करा सकें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। उन्होने कहा कि गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में सभी मतदाताओं को जानकारी अवश्य दी जाये। डीएम ने इस दौरान उपस्थित बीएलओ से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में पूरी जानकारी ली और लोगों से भी संवाद किया। डीएम ने इस अवसर पर बताया किया इस पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है ताकि कोई पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न रह जाए। ज्ञातव्य है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 4 दिसंबर 2025 तक चलेगा जिसमें बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र देगें, इन प्रपत्रों को भरकर वापस बीएलओ को देना होगा।




# बड़ी कंपनियों के नाम पर बेची जा रही थी नकली खाद

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** जिला प्रशासन की छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकली खाद, खाली कट्टे एवं पैकिंग सामग्री मिलने से हड़कंप मचा हुआ हैं। नकली खाद को नामचीन कंपनियों के बोरों में भरकर बाजार में बेचा जा रहा था। प्रशासन ने मौक से नकली खाद के 450 कट्टे बरामद करने का दावा किया हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नकली खाद के अवैध कारोबार का जिला मुख्यालय पर भंडाफोड़ होने से खलबली मची हुई है। प्रशासन ने छापेमारी में नकली खाद के 450 कट्टे बरामद किए हैं, जिन्हें नामचीन कंपनियों की पैकिंग वाले कट्टों में भरकर बेचने की तैयारी की जा रही थी। नगर की रिंग रोड़ स्थित कृष्णापुरम कॉलोनी में यह अवैध कारोबार का गोरख धन्धा एक मकान से संचालित हो रहा था। उप जिलाधिकारी सदर रीतू रानी एवं उप कृषि निर्देशक घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की, सूत्रों के मुताबिक आरोपी मोहित एवं सोहित पुत्रगण राकेश कुमार निवासी ग्राम आदमपुर थाना कोतवाली शहर बिजनौर अन्य कई लोगों के साथ मिलकर नकली खाद का कारोबार कर रहे थे। एसडीएम सदर रीतू रानी ने छापेमारी के सम्बन्ध में बताया कि उन्हें एक मकान से नकली खाद नामचीन कंपनियों के नाम पर सप्लाई किए जाने की शिकायत मिली थी। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई एवं बरामद खाद के संपल लिए हैं। जिन्हें अग्रिम कार्यवाही कर जांच के लिए भेजा जा रहा है। तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने मकान को सील कर मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी हैं।






नकली खाद का मामला सामने आने से जिले में हड़कंप मच हुआ है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है। और पता लगाया जा रहा हैं, कि यह नकली खाद कहां से तैयार होकर आ रहा था तथा इसकी सप्लाई कहां-कहां की जा रही थी। साथ ही इस बात की भी जांच करायी जा रही है कि विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी तो इस अवैध धन्धे में कहीं शामिल तो नहीं है। किसान नेता डॉ० मनोज कटारिया ने कृषि विभाग के अधिकारियों पर लगाया गम्भीर आरोप नकली खाद के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ होने पर किसान कामगार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० मनोज कटारिया ने गंभीर आरोप लगाते हुए कृषि विभाग को कटघरे में खड़ा किया हैं। किसान नेता ने कहा कि नकली खाद का यह गोरखधंधा कृषि विभाग की मिलीभगत के बिना संभव नहीं हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने एवं अवैध कारोबार को संरक्षण देने वाले सरकारी अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही कराने की माँग की हैं। डॉ० मनोज कटारिया ने जिला कृषि अधिकारी की भूमिका पर भी सवालिया निशान उठाते हुए कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब नकली खाद का मामला सामने आया हैं। इससे पहले भी कई घटनाएं हुई, लेकिन किसी भी मामले में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। जिससे ऐसा लगता है कि इन अवैध खाद माफियाओं को विभागीय संरक्षण मिला हुआ हैं।

## किसानों के साथ धोखाधड़ी

नकली खाद के कारण किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही हैं और उनका पैसा भी खर्च होता है लेकिन असली खाद की जगह नकली खाद डालने से फसल का उत्पादन भी कम होता हैं। तथा किसानों को आर्थिक नुकसान होने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है।

प्रशासन ने किसानों से प्रमाणित व अधिकृत विक्रेताओं के यहां से ही खाद खरीदने और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना भी तत्काल प्रशासन को देने की अपील की हैं

# नक्शा विश्वसनीय भू-अभिलेखों और नागरिक सशक्तिकरण के लिए एक नई पहल : शिवराज सिंह चौहान

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा की जब भारत एक समावेशी और विकसित भविष्य की कल्पना करता है तो इसका सबसे मजबूत आधार- स्तंभ भूमि है चाहे घर हो,खेत हो, दुकान हो या स्मार्ट सिटी का सपना हो विकास का प्रत्येक रूप भूमि पर अवस्थित होता है हालाँकि सच्चाई यह है कि वर्षों से हमारे भू-अभिलेख अधूरे, भ्रामक और अक्सर विवादों में उलझे रहे हैं।

परिणामस्वरूप,आम नागरिकों को संपत्ति खरीदने,जमीन विरासत में प्राप्त करने,ऋण प्राप्त करने या सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है इन दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत भूमि संसाधन विभाग ने नक्शा (राष्ट्रीय शहरी निवास-स्थल भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण) कार्यक्रम की शुरूआत की है यह भारत में भूमि प्रबंधन,प्रशासन और भूमि-रिकॉर्ड रख-रखाव में बदलाव लाने की एक पहल है यह कार्यक्रम एक पारदर्शी,डिजिटल और सत्यापित भू-अभिलेख प्रणाली का निर्माण कर रहा है जो न केवल नागरिकों के जीवन को आसान बनाएगी,बल्कि कस्बों और शहरों के विकास को भी गति प्रदान करेगी।

भारत में भूमि पंजीकरण लंबे समय से एक जटिल व दस्तावेज-आधारित प्रक्रिया रही है बिक्री विलेख,स्टाम्प शुल्क,पंजीकरण शुल्क,पटवारी सत्यापन और तहसील स्तर पर प्रस्तुतियाँ ये सभी नागरिकों के लिए पूरी प्रणाली को बोझिल बना देती थीं पुराने रजिस्टर और फाइलों में न केवल त्रुटियां मौजूद थीं बल्कि इनमें आसानी से छेड़छाड़ की जा सकती थी जो कई विवादों का मूल कारण होता है अस्पष्ट संपत्ति अभिलेखों की वजह से बैंकों से ऋण प्राप्त करने की संभावना कम हो गयी थी उत्तराधिकार या दाखिल खारिज की प्रक्रिया अक्सर वर्षों तक अदालतों में अटकी रहती थी गलत माप,अस्पष्ट सीमाएँ और स्थानीय राजनीतिक हस्तक्षेप ने इन समस्याओं को और गंभीर बना दिया यही कारण है कि लाखों भारतीयों के लिए, सुरक्षा के स्त्रोत के रूप में भूमि का महत्त्व कम होता गया और यह जोखिम का प्रमुख स्त्रोत बन गई।

नक्शा कार्यक्रम,सटीक और डिजिटल भू-रिकॉर्ड तैयार करने के लिए ड्रोन सर्वेक्षण,जीएनएसएस मानचित्रण और जीआईएस उपकरण जैसी उन्नत तकनीकों का लाभ उठाता है। इस पहल के तहत,नागरिकों को योरप्रो (शहरी संपत्ति स्वामित्व रिकॉर्ड) कार्ड मिलता है जो स्वामित्व का एक डिजिटल प्रमाण है और संपत्ति के लेन-देन को आसान बनाता है।

## मुठभेड़ के दौरान इनामी बदमाश दबोचा

**मथुरा/कोसीकलां।** थाना पुलिस ने पिछले करीब 10 वर्षों से संगीन वारदात के एक मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामिया बदमाश को मुठभेड़ के बाद हिरासत में ले लिया। थाना क्षेत्र की चौकी गढी बरबारी क्षेत्र के गढी बरबारी से नई गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर शुक्रवार की देर शाम थाना पुलिस गस्त कर रही थी।इस दौरान मुखबिर ने पुलिस को गत 10 वर्षों से गौहत्या जैसी संगीत वारदातों के विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे 25000 के इनामियां बदमाश सिराज पुत्र जबर खाँ निवासी अलीमेव थाना बहीन जिला पलवल हरियाणा के बारे में जानकारी दी। इसी दौरान बदमाश पुलिस को देखकर फायरिंग करते हुए भागने लगा।पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग करते हुए बदमाश को मुठभेड़ के बाद हिरासत में ले लिया।मुठभेड़ के दौरान दोनों पैरों में घुटने के नीचे गोली लगने से बदमाश घायल हो गया।

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

# अश्विनी वैष्णव ने वाराणसी के रेलवे स्टेशनों का किया दौरा

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** केंद्रीय रेल सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 8 नवम्बर 2025 शनिवार को वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में निर्मित चार नये वंदे भारत रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के पश्चात वाराणसी के विभिन्न रेलवे स्टेशनों का दौरा किया जहां रेल मंत्री द्वारा स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्यों एवं यात्री सुविधाओं का जायजा लिया गयो इस क्रम में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वाराणसी के काशी रेलवे स्टेशन, वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन तथा बनारस रेलवे स्टेशन का दौरा कियो रेल मंत्री ने कहा कि वर्तमान में वाराणसी के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से लगभग 150 रेलगाड़ियों का आवागमन होता है रेलवे द्वारा इस क्षमता को बढ़ाकर 400 से 500 करने के लिए काशी रेलवे स्टेशन,वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन तथा बनारस रेलवे स्टेशनों के समेकित विकास हेतु एक मास्टर प्लान पर कार्य किया जा रहा है।

इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वाराणसी स्थित बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) का भी दौरा कियो रेल मंत्री ने लोको फ्रेम शॉप,लोको असेम्बली शॉप और लोको टेस्ट शॉप का विस्तृत निरीक्षण किया तथा निर्माण प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी जानकारियाँ प्राप्त कीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों से संवाद करते हुए लोको निर्माण की बारीकियों पर चर्चा की और विशेष रूप से महिला कर्मचारियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## सार संक्षेप

### एसपी सिटी ने थाना पल्लवपुरम का किया निरीक्षण, थाना समाधान दिवस में सुनीं फरियादें



**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने शुक्रवार को थाना पल्लवपुरम पहुंचकर थाना समाधान दिवस कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनीं।इस दौरान थाने पर पहुंचे लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।एसपी सिटी ने इसके बाद थाना परिसर का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना भवन की साफ-सफाई, बैरक, मेस, मालखाना और मिशन शक्ति केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रिकॉर्ड रजिस्टरों, फाइलों और हेल्प डेस्क की स्थिति को भी परखा।निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी ने निर्देश दिए कि थाना परिसर में स्वच्छता बनी रहे, सभी अभिलेख समय पर अद्यतन किए जाएं और जनता से जुड़ी कार्यप्रणाली पारदर्शी व सुचारू रूप से संचालित हो।उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यशैली में पारदर्शिता और संवेदनशीलता जनता के भरोसे को मजबूत करती है।थाना समाधान दिवस के दौरान फरियादियों से मिलते हुए एसपी सिटी ने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

### आठ के खिलाफ छेड़खानी, बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** पुलिस आयुक्त के आदेश पर युवती के तहरीर पर मिजार्मुराद पुलिस ने शुक्रवार की देर रात गणेशपुर गांव (मिजार्मुराद) निवासी अमित कुमार, नवनीत कुमार, राहुल, उर्मिला देवी, ममता देवी, शीतल पटेल उर्फ रानी, महेन्द्र कुमार व लालजी के खिलाफ छेड़खानी, बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देना व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई।उक्त घटना बीते 20 अक्टूबर दीपावली की रात की बताई गई। पीड़िता ने पुलिस आयुक्त के यहां प्रार्थना पत्र देकर बताई की दीपावली की रात में घर के बाहर बने पावर लूम पर दीपक जलाने गई थी मेरे साथ मेरी छोटी बहन थी उसी समय पड़ोसी विपक्षीय पुरानी रंजिश को लेकर छोटी बहन पर छीटा कसी करने लगे और फुलझड़ी व पटाखे फेकने लगे।जब मेरे द्वारा विरोध किया गया तो सभी एकरार होकर परिवार के साथ गाली-गलौज देने के साथ ही बुरी तरह लात घुसे व थप्पड़ से मारने पीटने लगे।यह सब देखकर परिवार के चाचा समेत जो लोग भी बीच बचाव करने आए विपक्षीय सबसे भीड़ जा रहे थे वही दरवाजे पर लगे झालर लाइट को तोड़ दिये व जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।घटना की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया गया लेकिन कोई कार्रवाई नही हुआ।

# श्रीमद्भागवत कथा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और समाजधर्म का ज्ञान देती है : आनंद मिश्रा

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा का प्रथम दिवस शुरू हुआ। कथा व्यास पंडित परम पूज्य आनंद मिश्रा पाराशर जी पधारे।

कथा व्यास पंडित परम पूज्य आनंद मिश्रा ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और समाजधर्म का ज्ञान देती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने दिव्य देह का तेज इस महापुराण में प्रवेश करा दिया था। इसलिए इसे भगवान का शरीर माना जाता है तथा इसे सुनने मात्र से तमाम तरह के कष्टों से मुक्ति मिल जाती है।

कथा व्यास ने कहा कि जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है, तब परमात्मा स्वयं आकर लीलाएं करते हैं।उन्होंने बताया कि भागवत पुराण को सुनने वाले भक्त मोक्ष प्राप्त करते हैं। जिस तरह राजा परीक्षित श्राप से मुक्त हुए, उसी तरह कई राक्षस और पापी भी परमात्मा की शरण में जाकर मुक्ति पा गए।

श्रीमद्भागवत पुराण को सभी ग्रंथों में महापुराण की संज्ञा मिली है।कथा 3 बजे से शुरू हुई और देर शाम तक चली।

इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य सुरेश सिंह गौतम, वीरेश सिंह गौतम, प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम, प्राचार्य डॉ. आशुतोष उपाध्याय, संजय मिश्रा, सचिव योगेश सिंह, डॉ. विजय सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', राजेश सिंह, वीरेंद्र विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# डीपीएस मथुरा में इंटर डीपीएस नाटिका प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ




वेलकम इंडिया

**मथुरा/चौमुहां।** अकबरपुर हाइवे स्थित डीपीएस का सभागार इंटर डीपीएस नाटिका प्रतियोगिता के भव्य आयोजन से गुंजायमान हो उठा। भारतीय संस्कृति, मूल्यों और नाट्य कला के प्रति विद्यार्थियों में रुचि विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न डीपीएस शाखाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी अद्भुत नाट्य प्रस्तुतियों से उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भावना शर्मा और रीना गुप्ता के औपचारिक स्वागत से हुआ।इसके तुरंत बाद, 'राम लला दर्शन' की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। स्वागत गीत के पश्चात, विद्यालय के शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन की रस्म पूरी की गई, जिसने ज्ञान और ऊर्जा के प्रतीक के रूप में कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

दीप प्रज्वलन के बाद, डीपीएस के बच्चों ने हनुमान चालीसा का सुमधुर पाठ किया, जिससे पूरा सभागार भक्तिभाव से ओतप्रोत हो गया। मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य सावन कुमार खन्ना ने अपना प्रेरणादायी उद्बोधन दिया।

प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण, इंटर डीपीएस नाटिका प्रतियोगिता, इसके पश्चात प्रारंभ हुआ।सभी नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों से खूब प्रशंसा बटोरी। निर्णायकों द्वारा अभिनय, संवाद, अभिव्यक्ति, मंच संयोजन और संदेशात्मक प्रभाव के आधार पर टीमों का बारीकी से मूल्यांकन किया गया।

# मथुरा में चलाया गया विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का बड़ा अभियान




वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के निदेर्शों के क्रम में आज दिनांक 8 नवंबर 2025 को जनपद में चलाया गया विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का बड़ा अभियान।विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत जनपद की सभी विधानसभाओं में बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरण किए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी / अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा ने तहसील सदर एवं तहसील गोवर्धन में गणना प्रपत्र वितरण किए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही तथा आयोग के निदेर्शों की अवहेलना पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर जनपद की समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि कल दिनांक 09 नवंबर 2025 को सभी विधानसभाओं में बीएलओ द्वारा बूथों पर उपस्थित होकर गणना प्रपत्र वितरण किए जाएंगे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया सबला में लाखों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** ग्राम पंचायत बछगांव के सबला गाँव में जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कई विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उनका स्वागत समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की भारी भीड़ मौजूद रही, जो विकास कार्यों के प्रति उत्साह को दशार्ती है।

ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी का चांदी का मुकुट, 21 किलो की फूल माला और राजस्थानी साफा-पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया। महिलाओं और बच्चों ने भी फूल बरसाकर उनका अभिनंदन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने मरघट तक ईंट खड़ंजा और पाइपलाइन निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। उन्होंने मुख्य मार्ग से नाले की ओर लगभग एक किलोमीटर लंबी ईंट खड़ंजा निर्माण परियोजना का भी विधिवत शिलान्यास किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने बताया गांवों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण अब गांवों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और विकास की गति तेज हुई है। पंचायत निधि से सबला गांव में मुख्य मार्ग से 800 मीटर और श्मशान स्थल मार्ग पर 500 मीटर खडंजा, करीब 120 मीटर श्मशान स्थल मार्ग पर सीमेंट पाइप लाइन, सबला गुलाल मार्ग 800 मीटर सीसी सड़क, गांव बैरू में 170 मीटर सीसी सड़क, नगला शेरा में 325 मीटर सीसी सड़क आदि का लोकार्पण और भूमि पूजन किया गया है, इन विकास कार्यों से ग्रामवासियों को बरसात के मौसम में आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलने की उम्मीद है। समारोह में उपस्थित ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान और वरिष्ठ नागरिकों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष डा. देवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कुमार, पूर्व चेयरमैन भरत सिंह, वेदपाल सिंह, कृष्ण कुंतल, रनवीर सिंह, जुगेन्द्र सिंह, बहादुर सिंह, सत्यवीर सिंह, सुरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, कोसी जिला, गोवर्धन खंडगृह संपर्क अभियान बैठक संपन्न हुआ

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** गोवर्धन खंड की आगामी शताब्दी वर्ष के गृह संपर्क अभियान के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन परिक्रमा मार्ग स्थित रमन रेती आश्रम, गोवर्धन में संपन्न हुआ।बैठक का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं संघ गीत एवं संगठन मंत्र के साथ किया गया।

भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण देशभक्ति, संगठन भावना और उत्साह से ओतप्रोत हो उठा।बैठक में मुख्य मार्गदर्शन विभाग प्रचारक पारस ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष हमारे जीवन का अत्यंत पावन अवसर है, जब प्रत्येक स्वयंसेवक को समाज के प्रत्येक घर तक पहुँचना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गृह संपर्क अभियान का उद्देश्य प्रचार नहीं, बल्कि संपर्क और संवाद है – व्यक्ति से व्यक्ति, परिवार से परिवार का आत्मीय जुड़ाव है।

निर्णय हुआ कि गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ 9 नवंबर प्रातः 8:00 बजे मुरारी कुंज से किया जाएगा। वहाँ से सभी कार्यकर्ता दानघाटी मन्दिर से मानसी गंगा मुखारविंद जैसे पवित्र स्थलों से होती हुई पूरे समाज में संगठन और एकता का संदेश प्रसारित करेगी।

बैठक का संचालन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ तथा समापन संघ प्रार्थना के साथ किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से संघचालक श्यामबाबू कौशिक, विभाग प्रचारक पारस (मथुरा), सहसंघचालक संजय शर्मा, जिला बौद्धिक प्रमुख बहादुर, सह बौद्धिक प्रमुख धर्मेंद्र, जिला सह धर्मजागण संयोजक मुकेश, श खंड प्रचारक अमित, नगर कार्यवाह राकेश, सह खंड कार्यवाह एन. डी. तिवारी, खंड अभियान प्रमुख श्याम सुंदर शर्मा, कृष्णा, हनुमानदास, नगर खंड के कार्यकर्ता तथा विचार परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने पर क्षेत्राधिकारी को पुलिस अधीक्षक ने दी भावपूर्ण विदाई

**संतकबीरनगर।** प्रशिक्षण अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत क्षेत्राधिकारी अमित कुमार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने शनिवार को कोतवाली खलीलाबाद कार्यालय में आयोजित एक भावपूर्ण समारोह में विदाई दी गई।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीणा ने अमित कुमार के प्रशिक्षण काल में किए गए उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन तथा कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ह्नअमित कुमार ने अपने कार्यों से विभाग की गरिमा बढ़ाई है और आशा है कि भविष्य में भी वे इसी निष्ठा एवं लगन से दायित्वों का निर्वहन करेंगे।समारोह में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय एवं पीआरवो पुलिस अधीक्षक दुर्गेश पाण्डेय सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केएम हॉस्पिटल के सर्जरी चिकित्सकों ने पैंक्रियाज से कई पथरियों को निकाल कर बचाई मरीज की जान

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** केएम मेडीकल कालेज एंड हॉस्पिटल के सर्जरी विभाग की चिकित्सकीय टीम ने क्रोनिक पैंक्रियाटाइटिस से पीड़ित मरीज के पैंक्रियाज से कई स्टोन निकाल कर उसे पेट के भयंकर दर्द व बीमारी से निजात दिलाई है।इस सफल ऑपरेशन में सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. अजय अग्रवाल, असिटेंट प्रोफेसर डा. सागर मित्तल, जूनियर रेजिडेंट्स डा. आशुतोष सिंह, डा. दुर्गेश, डा. विवेक मित्तल, निश्चेतना विभाग के डा. अंचल जैन सहित नर्सिंग रंजीत सिंह, सतीश, प्रीति और ओटी विभाग इंचार्ज राहुल ठाकुर, भूपेन्द्र का विशेष सहयोग रहा। केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी ने सर्जरी विभाग की टीम को सफल ऑपरेशन के लिए बधाई दी है।

दरअसल छाता कस्बा में रहने वाले मोबिन के 28 वर्षीय पुत्र शोभी के अत्याधिक शराब सेवन से दो साल से उसके पेट में दर्द, था तथा लैट्रीन बार बार आती थी। परिजन शोभी को केएम हॉस्पिटल लेकर आए यहां पर ओपीडी में डा. अजय अग्रवाल और डा. सागर को दिखाया तो जांच करने पर मरीज को अग्नाशय में सूजन/क्रोनिक पैंक्रियाटाइटिस की समस्या का पता चला जिसमें अग्नाशय में एक से अधिक स्टोन बन गये थे, जिसका कि ऑपरेशन द्वारा ही ईलाज संभव था। सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. अजय अग्रवाल ने बताया कि क्रोनिक पैंक्रियाटाइटिस, अग्न्याशय (पैंक्रियास) में होने वाली सूजन है जो ग्रंथि (ग्लैंड) के प्रगतिशील विनाश का कारण बनता है।

# अफीम और मार्फिन तस्करी का काला कारोबार हुआ बेनकाब

## झारखंड से पंजाब तक फैला नेटवर्क धराशायी, पांच आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** बारादरी थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त दो अंतरराज्यीय गिरोहों का भंडाफोड़ कर बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने दो अलग-अलग छापों में कुल 1 किलो 657 ग्राम अफीम और 1 किलो 11 ग्राम मार्फिन (कूड पाउडर) बरामद की है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने शनिवार को खुलासा करते हुए बताया कि कार्रवाई में पुलिस ने पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो फरार हैं। दोनों गिरोह लंबे समय से राज्य की सीमाओं को पार कर नशे का जाल बुन रहे थे।

बरामद माल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 40 लाख रुपये बताई जा रही है। पहली कार्रवाई में पुलिस ने झारखंड से अफीम लाकर पंजाब में बेचने वाले गिरोह को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपी राजेश कश्यप, सतीश कश्यप (दोनों निवासी ग्राम ढका, थाना विशारतगंज) और सतेन्द्र कश्यप (निवासी ताजपुर नवदिया, थाना भमौरा) हैं। इनके पास से 1.65 किलो अफीम, दो मोटरसाइकिलें, दो मोबाइल फोन और 5710 नकद बरामद हुआ। गिरोह का सरगना अजय सिंह फरार बताया गया है, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ यह गिरोह पहले भी कई बार झारखंड के पलामू इलाके से अफीम लाकर पंजाब में बेच चुका है। अफीम को मिलावट कर उसकी मात्रा बढ़ाई जाती थी और फिर डबल डेकर बस से देर रात सप्लाई भेजी जाती थी। इस बार भी वही प्लान था, लेकिन पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई कर उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। दूसरी कार्रवाई में बारादरी पुलिस ने मणिपुर से मार्फिन लाने वाले गिरोह का पदार्फाश किया। विजय पेट्रोल पंप के पास रात में चेकिंग के दौरान पुलिस ने तीन युवकों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर उन्होंने बाइक मोड़ ली और भागने लगे। घेराबंदी कर पुलिस ने दो को दबोच लिया, जबकि तीसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान भूपराम (22) और प्रमोद (21), दोनों निवासी ताजपुर नवदिया, थाना भमौरा, के रूप में हुई। इनके पास से 1 किलो 011 ग्राम मार्फिन, एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों की मुलाकात नवनीत (निवासी दियोनी, थाना दातागंज, बदायूं) नाम के युवक से हुई थी, जो इस गिरोह का मुख्य खिलाड़ी है।

## जमीन पर जबरन कब्जे का आरोप, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने की कार्रवाई की मांग

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दीपा पंवार ने अपनी जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश और गेहूं की बुवाई करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।एलम निवासी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दीपा पंवार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कस्बा निवासी करण सिंह, उनके बेटे लक्ष्य, बेटी मिशु और पत्नी बबीता ने मिलकर उनकी निजी जमीन पर जबरन घुसपैठ की। आरोप है कि चारों ने जमीन पर कब्जा करने की नीयत से उसमें गेहूं के बीज बोने शुरू कर दिए।पीड़िता के अनुसार, जैसे ही उन्हें इस अवैध बुवाई की सूचना मिली, वह तत्काल मौके पर पहुंचीं और आरोपियों का विरोध किया।

### बिहार विधानसभा चुनाव 2025

## बेलहर विधानसभा सीट निर्दलीय उम्मीदवार मिठान यादव को मिल रहा भरपूर समर्थन

**वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी**



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का दूसरा चरण का प्रचार आज शाम 5 बजे थम जाएगा। 11 नवंबर को बाकी 121 सीटों पर मतदान होना है। बिहार में इस बार कई ऐसे सीट है जो हॉट और चर्चा बना हुआ है। बांका जिला के बेलहर विधानसभा सीट भी इस समय काफी चर्चित और हॉट सीट बना हुआ है यहां महागठबंधन उम्मीदवार चाणक्य प्रकाश रंजन है ठऊअ से जदयू उम्मीदवार निवर्तमान विधायक मनोज यादव है दोनों के बीच निर्दलीय उम्मीदवार मिठान यादव चर्चा बना है दोनों दलों को सीट निकालना आसान नहीं है। निर्दलीय उम्मीदवार मिठान यादव 30 वर्षों से लगातार राजद पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी के लिए लगातार कद्दावर नेता बनकर काम करते रहे है थे।

2025 विधानसभा चुनाव में राजद की ओर से भावी उम्मीदवार सर्वे में प्रथम स्थान पर थे। लेकिन अचानक राजद ने चाणक्य प्रकाश रंजन को अपना उम्मीदवार बनाया जो वर्तमान में जदयू पार्टी से सांसद गिरधारी यादव के बेटे है। इस फैसले से पार्टी में काफी नाराजगी देखने को मिला। इस फैसले से नाराज राजद के पूर्व नेता मिठान यादव ने अपने पार्टी से इस्तीफा देकर निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। बेलहर विधानसभा में भारी समर्थन मिलता दिख रहा है लोगो ने कहा बेलहर विधानसभा इस बार इतिहास रचने जा रहा है झारखंड की तरफ से बेलहर में निर्दलीय विधायक बनेगा।

मिठान यादव ने शनिवार को अपने फेसबुक लाइव और मीडिया के संवाद में कहा कि हम आपका बेटा भाई निर्दलीय उम्मीदवार है और किसी में हिम्मत नहीं जो मुझे खरीद सकते है हम मजबूती से काम करते है और चुनाव भी लड़ रहे है। कई अफवाह फैलाया जा रहा है कि में किसी को समर्थन दे रहा हु ये अफवाह है में जिंदा दिल इंसान हु मिठान यादव बिकाऊ नहीं है जो उसके जमीर को कोई खरीद सके।

## सार संक्षेप


### बरेली में पागल सियार का कहर, एक मासूम सहित तीन पर किया जानलेवा हमला



**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** मीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दियोसास में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक पागल सियार ने गांव में घुसकर लोगों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घर के बाहर खेल रही तीन साल की मासूम पर अचानक सियार टूट पड़ा। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर पिता विनोद मौके पर पहुंचे और जान की परवाह किए बिना सियार से भिड़ गए। पिता की बहादुरी से मासूम की जान तो बच गई, लेकिन वह खुद गंभीर रूप से घायल हो गए। सियार के हमले में गांव के ही राजेश (45) पुत्र रामप्रसाद और अभिषेक (18) पुत्र अमरपाल भी घायल हो गए। तीनों घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने डंडे और लाठियां लेकर पागल सियार को घेर लिया और काफी मशक्कत के बाद उसे मार गिराया। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में आवारा और जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे लोगों में डर का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से इलाके में वन विभाग की टीम की तैनाती और निगरानी बढ़ाने की मांग की है। गांव में अब भी भय का वातावरण बना हुआ है। लोग शाम ढलते ही घरों के दरवाजे बंद कर रहे हैं और बच्चों को घर से बाहर नहीं जाने दे रहे।

### समाधान दिवस में एसपी ने सुनी जन समस्याएं दो का हुआ निस्तारण




**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** शासन के दिशा निर्देश पर थाना प्रांगण में समाधान दिवस का आयोजन किया गया समाधान दिवस में एसपी ने पहुंचकर शिकायतें सुनी और उनका निस्तारण किया। शनिवार को थाना प्रांगण में शासन के दिशा निर्देश अनुसार थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में अचानक से एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह पहुंच गए। थाने पर एसपी के पहुंचने से पुलिस कर्मियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। समाधान दिवस में गांव इस्लामपुर घसौली निवासी ग्रामीण नरेश कुमार ने बताया कि उसके पड़ोस के लोगों ने पीड़ित के घर के सामने अवैध रूप से पुलिया का निर्माण कर दिया है और उसे ऊंचा उठा दिया जिस कारण हादसों का खतरा बना रहेगा। एसपी ने तुरंत टीम घटित कर निस्तारण के आदेश दिए मौके पर पहुंची पुलिस और राजस्व टीम ने ग्रामीण की समस्या का निस्तारण कराया। गांव भभीसा निवासी ग्रामीण नरेंद्र कुमार ने बताया कि उसके गांव के ही सुरेश, छोटू, मिंटू, बिट्टू आदि लोग जबरन उसके प्लांट पर उड़ा डालते हैं जब पीड़ित विरोध करता है तो आरोपी मारपीट करते हैं और कब्जा करने की नीयत से उस पर कूड़ा डाल रहे हैं। टीम ने मौके पर पहुंचकर समस्या का निस्तारण कराया। एसपी ने थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाने पर आने वाले सभी फरियादियों की समस्या सुनकर मामले का तुरंत निस्तारण कराया जाए। किसी भी फरियादी को थाने पर समस्या का सामना न करना पड़े। इस दौरान थाना समाधान दिवस में अन्य पुलिसकर्मी और राजस्व की टीम सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### ईट भट्टे पर जाने के लिए लिए गए रुपए नहीं देने का आरोप

**कांधला।** बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक भट्टा ठेकेदार ने क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी एक मजदूर पर ईंट भट्ठे पर जाने के लिए दिए गए रुपए वापस नहीं देने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी। बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बिटावदा निवासी रियासत ने बताया कि वह ईंठ भट्टा ठेकेदार है और भट्टे पर कच्ची ईंट पथाई करने के लिए लेबर ले जाने का कार्य करता है।

## पत्रकारिता में शैक्षिक योग्यता हो अनिवार्य : जेसीआई

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली।** पत्रकारिता के पेशे में बढ़ती चुनौतियों और गिरती विश्वसनीयता के बीच अब आवश्यक है कि सरकार पत्रकारिता में शैक्षिक योग्यता को अनिवार्य बनाये। यह बात जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (जेसीआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना ने एक गोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। डॉ. सक्सेना ने कहा कि पत्रकारिता केवल खबरें देने का माध्यम नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की नींव है। पत्रकार जनता और सत्ता के बीच सेतु का कार्य करते हैं और इसलिए इस क्षेत्र में योग्य एवं प्रशिक्षित व्यक्तियों का होना समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता नागरिकों को सशक्त करती है, उन्हें स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं से अवगत कराती है और सरकार व संस्थाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करती है। इसके साथ ही आपदाओं और आपात स्थितियों में सही सूचना उपलब्ध कराना, अफवाहों और गलत खबरों का मुकाबला करना भी पत्रकारों की बड़ी जिम्मेदारी है। डॉ. सक्सेना ने कहा कि पत्रकार समाज में व्याप्त कुरीतियों और भ्रष्टाचार को उजागर कर सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही इतिहास और घटनाओं का संकलन कर भविष्य के लिए साक्ष्य प्रस्तुत करते हैं ताकि समाज पिछली गलतियों से सीख ले सके। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब फर्जी खबरों और गैर-जिम्मेदार पत्रकारिता का खतरा बढ़ रहा है, ऐसे में योग्य और प्रशिक्षित पत्रकारों की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है।

## सुभाषनगर में हुई पुलिस मुठभेड़, दो शातिर बदमाश गोली लगने से घायल

**वेलकम इंडिया/सूरज मौर्य**



**बरेली।** अपराधियों के खिलाफ बरेली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सुभाषनगर पुलिस को शुक्रवार- शनिवार देर रात बड़ी सफलता मिली। पुलिस टीम और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में दो शातिर अपराधी अंशुल सक्सेना और कुलदीप यादव के पैर में गोली लग गई। दोनों को गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया, जबकि एक बाल अपराधी को पुलिस ने संरक्षता में लिया है। मौके से अवैध तमंचे, कारतूस, चोरी का चांदी का जेवर और नकदी भी बरामद की गई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना सुभाषनगर के प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम शुक्रवार - शनिवार देर रात करेली मोड़ के पास गश्त पर थी। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि ग्रीन वैली कॉलोनी में घर में चोरी करने वाले अपराधी फतेहपुर से इटौवा जाने वाले रास्ते पर बने धीर सिंह के घर के पीछे चोरी के माल का बंटवारा कर रहे हैं और उनके पास असलहे भी हैं। सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की, लेकिन खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अंशुल सक्सेना (दाहिना पैर) और कुलदीप यादव (बायां पैर) गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक बाल अपराधी को मौके से हिरासत में लिया गया। मौके से पुलिस ने कुल 02 तमंचे, 04 खोखा कारतूस, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, चोरी का चांदी का कमरबंद, पाजेब, दो स्मार्ट वॉच, 1270 रुपए नगद और चार जीवित कारतूस 12 बोर बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि बदमाशों का एक अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा, जिसकी तलाश की जा रही है। इन बदमाशों ने 30 अक्टूबर 2025 को ग्रीन वैली कॉलोनी निवासी भोजराज सिंह के घर में हुई चोरी में हाथ होने की बात कबूल की है।

### पुराली से भरी ट्रॉली अनियंत्रित होकर तीन मजदूरों पर पलटी दो की हालत गंभीर

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर पुराली से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई ट्राली के नीचे दबने से तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास के लोगों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो मजदूरों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कस्बे के थाना परिसर में नई बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा है बिल्डिंग में दर्जनों मजदूर कार्य कर रहे हैं। सहारनपुर की सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिजोरा निवासी महताब, भूरा और मोनू थाना परिसर में बन रही बिल्डिंग में मजदूरी का कार्य करते हैं। शनिवार सवेरे तीनों मजदूर अपने घर के लिए पैदल रेलवे स्टेशन पर जा रहे थे। जैसे ही तीनों मजदूर बुढ़ाना मार्ग फाटक के समीप पहुंचे तो पीछे से आ रही पूराली से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई।

## राष्ट्रीय गान तथा राष्ट्रीय गीत के महत्व से बच्चों को कराया गया रूबरू : डॉ लाल बहादुर गंगवार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर के परिसर में विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ लाल बहादुर गंगवार द्वारा शनिवार सुबह प्रार्थना सभा के दौरान राष्ट्रीय गान, जन गण मन के बारे में विस्तार से उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को बताया गया। इस दौरान अपने प्रधानाध्यापक द्वारा राष्ट्रगान को भली भांति समझने का सभी छात्र-छात्राओं द्वारा प्रयास किया गया।

प्रधानाध्यापक लाल बहादुर द्वारा बताया गया कि यह राष्ट्रगान गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर द्वारा रचित गीतांजलि से लिया गया है इसके गाने की अवधि 52 सेकंड होती है, संक्षिप्त में इसको 20 सेकंड में भी गाया जा सकता है। इसको 24 जनवरी 1950 में लागू किया गया था, सबसे पहले रविंद्र नाथ टैगोर ने मद्रास (मौजूदा समय में चेन्नई) में 1911 में इसको लिखा था जो मूल रूप से बंगाली भाषा में लिखा गया था, लेकिन यह सर्वाधिक हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रचलित है। इसको गाते समय देश के सम्मान के रूप में खड़े होकर गाना चाहिए, जो भी देशवासी इसका अपमान करता है उसको देशद्रोही के रूप में देखा जाता है। इसी प्रकार विद्यालय में अवकाश के समय वंदे मातरम के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापक डॉ लाल बहादुर गंगवार ने बताया कि राष्ट्रीय गीत के रूप में वंदे मातरम को मान्यता मिली है, यह बंकिम चंद्र चटर्जी ने लिखा था, यह रचना आनंदमठ से ली गई है। वंदे मातरम को भारत माता के सम्मान के रूप में लिखा गया है। यह मूल रूप से बंगाली भाषा में लिखा गया था, इसमें वंदे मातरम के लिए भारत माता को नमन किया गया है। इस वर्ष डेढ़ सौ शताब्दी मनाई जा रही है, उन्होंने छात्र-छात्राओं को इसका शाब्दिक अर्थ भी बताया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दीपा गुप्ता, रेनू गंगवार, गौरव गंगवार, गीता यादव, रुचि दिवाकर, रिम्पल सिंह, कृष्ण स्वाती, मोहन सिंह, सुधांशु कुमार, नीलम सक्सेना, बेबी तबस्सुम, पंडित अनिल कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

### रेलवे कर्मी पति पर नशे में मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नाला में रेलवे कर्मी पति पर महिला ने शराब के नशे में पत्नी को पीटने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता महिला की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।गांव भाज्जू निवासी ऑचल ने बताया कि उसकी शादी अमित निवासी गांव नाला से हुई थी, जो श्रीनगर में रेलवे में तैनात हैं। दंपति के दो मासूम बच्चे—चार वर्षीय और ग्यारह वर्षीय—हैं। ऑचल ने आरोप लगाया कि अमित छुट्टी पर घर आने पर हमेशा शराब के नशे में झगड़ा करता है। ₹वह न केवल मारपीट करता है, बल्कि घर का खर्चा भी नहीं देता। इससे तंग आकर मैंने पहले महिला थाना शामली में शिकायत दर्ज कराई थी,₹ ऑचल ने कहा उस शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ था, जिसमें अमित को गाली-गलौच व मारपीट न करने, समय पर खर्चा देना और ससुराल पक्ष से पैसे न मांगने की शर्तें थीं।

## रूदौली में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, दूसरा घायल



**वेलकम इंडिया फतेह खान**

**अयोध्या।** रूदौली कोतवाली क्षेत्र के ममरेज नगर में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब टेंट की सेलिंग उतारते समय दो युवक करंट की चपेट में आ गए। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान मनोज यादव (25 वर्ष) पुत्र रामसागर यादव निवासी ममरेज नगर के रूप में हुई है। घायल युवक राकेश रावत पुत्र त्रिभुवन को आनन-फानन में सीएचसी रूदौली ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

सूचना मिलते ही क्षेत्रीय भाजपा विधायक रामचंद्र यादव अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों को घायल के बेहतर इलाज के निर्देश दिए।साथ ही मृतक के परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किये।वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि टेंट की सेलिंग उतारते समय लोहे की पाइप 11 हजार हाईवोल्टेज तार के संपर्क में आ गई, जिससे दोनों युवक करंट की चपेट में आ गए। अचानक हुए इस हादसे से गांव में मातम का माहौल है।

## जलभराव से परेशान स्वरूप नगर के लोग ,नाली निर्माण की मांग तेज

**वेलकम इंडिया**



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी नगर के स्वरूप नगर सिकटिया, मातेस्वरी पीसीओ वाली गली में जल निकासी की गंभीर समस्या ने स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है।

क्षेत्र निवासी उमा शंकर ने बताया कि नाली का पानी आगे निकलने का कोई रास्ता नहीं है, जिसके कारण गली में लंबे समय से पानी भरा हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह समस्या पिछले कई महीनों से बनी हुई है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

गली में जमा पानी से दुर्गंध फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका लखीमपुर खीरी से मांग की है कि जल्द से जल्द नाली या नाला का निर्माण कराया जाए, ताकि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बेलहर कला विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बभनी में ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** मंडलायुक्त बस्ती मंडल बस्ती अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में बेलहर कला विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बभनी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

मंडलायुक्त द्वारा ग्राम वासियों की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को बुलाकर मौके पर निर्देशित किया गया। *₹गांव की समस्या, गांव में समाधान₹* के सिद्धांत पर विभिन्न अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित योजनाओं को गांव में लागू किए जाने के संबंध में मंडलायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

चौपाल के माध्यम से बेसिक शिक्षा, मिशन शक्ति, गांव में विकास, घरौनी, राशन कार्ड, आवास सहित गांव से जुड़े विकास कार्यों पर मंडलायुक्त नें ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।

मंडलायुक्त ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वरासत का कार्य निर्धारित समयावधि में कर दिया जाए। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा हटवाया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के किसान भाइयों को फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। मंडलायुक्त द्वारा चौपाल में विकास एवं राजस्व संबंधित मामलों की समीक्षा और चर्चा की गई। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा एवं राज्य वित्त के कार्यों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पेंशन, राशन कार्ड आदि की समीक्षा की। आयोजित ग्राम चौपाल में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा आवास, शौचालय, पेंशन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई और उपस्थित ग्रामीणों से उनका पक्ष जाना गया।

इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त बस्ती मंडल बस्ती, परियोजना निदेशक विजयंत कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी मेहदावल संजीव राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वदमन सिंह, तहसीलदार अल्पिका वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, खंड विकास अधिकारी बेलहर कला, ग्राम प्रधान राधेश्याम मौर्य सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी व ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अर्बन मोबिलिटी इंडिया में एनसीआरटीसी के नमो भारत प्रदर्शनी स्टाल का उद्घाटन किया

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** श्री मनोहर लाल, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों और विद्युत मंत्री, भारत सरकार ने 18 वें शहरी गतिशीलता भारत (यूएमआई) सम्मेलन और 2025 एक्सपो में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की प्रदर्शनी स्टाल का उद्घाटन किया, जो 7 से लेकर 9 नवंबर तक होटल हयात रीजेंसी, गुरुग्राम में आयोजित किया जा रहा है। हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने भी दूसरे दिन प्रदर्शनी का दौरा किया।

तीन दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए श्री मनोहर लाल ने देश भर में तेजी से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी की बढ़ती आवश्यकता का उल्लेख करते हुए कहा कि लगभग 50-60 किमी की दूरी के बाद मेट्रो किराया नहीं बल्कि समय के सन्दर्भ में अव्यवहारिक हो जाती है, क्योंकि मेट्रो से 50-60 किमी की यात्रा करने में लगभग एक से डेढ़ घंटे लगते हैं जबकि हर कोई समय बचाना चाहता है, इसलिए क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम या आरआरटीएस जैसी नई प्रणाली विकसित की जा रही है।इस प्रणाली में आरआरटीएस स्टेशन लगभग 8 किमी दूर हैं जो यात्रा के समय को कम करती है जबकि मेट्रो में 2 किलोमीटर की दूरी पर स्टेशन बनाए गए है, जैसे-जैसे इस प्रणाली की आवश्यकता बढ़ेगी, हम न केवल एनसीआर में बल्कि अन्य प्रमुख शहरों में भी आरआरटीएस विकसित करेंगे जहां लोग लगभग 100 किमी की दूरी पर रोजाना यात्रा करते हैं - जैसे कि मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु। इसके लिए हम एक नई नीति तैयार कर रहे हैं। कैबिनेट नोट तैयार है, और एक बार अनुमोदित होने के बाद, इन प्रमुख शहरों में भी आरआरटीएस लागू किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के सफल संचालन के बाद, दो नए नमो भारत कॉरिडोर - सराय काले खान से बावल और सराय काले खान से करनाल - जल्द ही शुरू होंगे। वर्तमान में, न्यू अशोक नगर और मेरठ दक्षिण के बीच 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का 55 किलोमीटर लंबा खंड, 11 स्टेशनों के साथ लोगों के लिए परिचालन में है और शेष खंड भी जल्द ही चालू किया जाएगा। एनसीआरटीसी स्टाल पर, श्री मनोहर लाल और माननीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों का एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक श्री शलभ गोयल द्वारा स्वागत किया गया, जिन्होंने नमो भारत की नए युग की यात्री -केंद्रित विशेषताओं का प्रदर्शन किया, जैसे कि ईटीसीएस लेवल 2 (हाइब्रिड लेवल 3) एलटीई पर संकेत और मेरठ मेट्रो, जो नमो भारत के बुनियादी ढांचे पर संचालित करने वाला भारत का पहला मेट्रो है। प्रदर्शनी में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि कैसे भारत का पहला सेमी हाई स्पीड वाला क्षेत्रीय रेल नेटवर्क क्षेत्रीय गतिशीलता को एक नया आकार दे रहा है, आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रहा है और 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को साकार कर रहा है।प्रदशनी में आए लोग प्रत्यक्ष रूप से देख सकते हैं कि कैसे नमो भारत की यात्री -केंद्रित सुविधाएं क्षेत्रीय यात्रा को तेज, सुरक्षित और सहज बना रही हैं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की विकास क्षमता में वृद्धि कर रही हैं।

## योगी राज में भी घोटाले बाजों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं हुआ

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर द्ध** नगर पंचायत औरंगाबाद में दस फर्जी कर्मचारियों के वेतन हड़प कर डकारने वाले घोटालेबाजों के खिलाफ अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है जबकि महीने भर पहले ही दस फर्जी कर्मचारियों के नाम पर पिछले दो साल में लगभग तीस लाख रुपए से ज्यादा रकम हड़पने का घोटाला तमाम जांच पड़ताल के बाद साबित हो चुका है।खास बात यह है कि यह घोटाला सपा बसपा या कांग्रेसी सरकारों के कार्यकाल में नहीं हुआ बल्कि भृष्टाचार रिश्वत खोरी और घोटालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का ढिंढोरा पीटने में मशगूल भाजपा सरकार और उसके कड़क तेवरों वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कार्यकाल में ही अंजाम दिया गया। बाबजूद इसके घोटाले बाज फिलहाल शासन, प्रशासन, कानून व्यवस्था,और जीरो टॉलरेंस नीति को ढेंगा दिखाते नजर आ रहे हैं। 15सितंबर 2025 में नगर पंचायत के आधा दर्जन सभासदों ने अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर को लिखित शिकायती पत्र देकर अवगत कराया था कि नगर पंचायत औरंगाबाद में लगभग एक दर्जन से अधिक फजी लोगों को नगर पंचायत में बतौर कर्मचारी तैनात दिखाकर उनके नाम पर लाखों रुपए महीने वेतन निकाल कर हड़पा जा रहा है।

# मां सीता रसोई के द्वारा सनातन एकता पदयात्रा की सफलता हेतु किया सामूहिक सुन्दर काण्ड पाठ



**वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृन्दावन।** मोतीझील क्षेत्र स्थित देवराज बाबा आश्रम में मां सीता रसोई के तत्वावधान में बागेश्वर धाम सरकार के द्वारा निकाली जा रही सनातन एकता पदयात्रा की सफलता के लिए सुंदर काण्ड का संगीतमय सामूहिक पाठ किया गया।जिसमें कई प्रख्यात सन्तों, विद्वानों, धमार्चार्यों एवं तमाम भक्तों-श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमज्जगद्गुरु श्रीनाभापीठाधीश्वर स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज, श्रीसुग्रीव किला पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी विश्वेशप्रपन्नाचार्य महाराज, वृन्दावन बालाजी देवस्थान के संस्थापक पण्डित अनुराग पाठक एवं श्रीउमाशक्ति पीठाधीश्वर स्वामी रामदेवानंद सरस्वती महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर शरणागति आश्रम के महंत बिहारी दास भक्तमाली महाराज, यूपी रत्न डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, यूपी रत्न चित्रकार द्वारिका आनन्द, बलदेव स्थित दाऊजी मन्दिर के पूर्व रिसीवर डॉ. आर.के. पाण्डेय, पण्डित रामनिवास शर्मा (गुरुजी), प्रमुख समाजसेवी प्रदीप बनर्जी,आचार्य अखिलेश शास्त्री, सन्त रामदास महाराज (अयोध्या), युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, पण्डित राजू भैया, आचार्य ईश्वरचन्द्र रावत, पण्डित जयगोपाल शास्त्री, पण्डित वेदबिहारी महाराज, बाल व्यास ध्रुवजी महाराज आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन आचार्य बद्रीश महाराज ने किया।धन्यवाद ज्ञापन व आभार व्यक्त आचार्य अंशुल पाराशर ने किया।

मां सीता रसोई की संचालिका व प्रमुख समाजसेविका श्रीमती मनप्रीत कौर (लुधियाना) ने कार्यक्रम में पधारे सभी आगंतुक अतिथियों का पटुका ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन सन्त, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

## रजत जयंती समारोह में खेल प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दिखायी प्रतिभा



**बागेश्वर।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) के अवसर पर विकास भवन बागेश्वर में खेल विभाग द्वारा बैडमिंटन, वॉलीबॉल और फुटबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा योगाभ्यास और आकर्षक नृत्य प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद बागेश्वर का नुमाइश मैदान उत्कृष्ट खिलाड़ियों को तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल और खेल-कैरियर को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि खेलों के प्रति लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव आया है और इनमें युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने प्रशिक्षकों से खिलाड़ियों की ऊर्जा को सही दिशा में मार्गदर्शित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी मैचों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया,महामंत्री संजय परिहार, मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी गुंजन बाला चन्याल, युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन रावत सहित संबंधित अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक ने सुनी जन समस्याएँ



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** थाना गढ़मुक्तेश्वर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक हापुड़ द्वारा स्वयं पहुंचकर जनता की समस्याएं और शिकायतें सुनी गईं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और वास्तविक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।एसपी ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय प्रदान करना है। उन्होंने यह भी चेताया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर थाना प्रभारी सहित राजस्व विभाग के अधिकारी एवं अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## यूट्यूबर वंशिका पहुंची कोतवाली, बोलीं- पारिवारिक मामला है, जल्द सुलझ जाएग

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** सोशल मीडिया पर चर्चा में रही यूट्यूबर वंशिका शनिवार को कोतवाली हापुड़ पहुंचीं, जहां उन्होंने पुलिस के समक्ष अपना पक्ष रखा। मीडिया से बातचीत में वंशिका ने कहा कि हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो उनके परिवार से जुड़े निजी मामले हैं।उन्होंने बताया कि परिवार के बीच जो भी मतभेद हुए हैं, उन्हें आपसी सहमति से जल्द ही सुलझा लिया जाएगा।वंशिका ने अपील की कि उनके निजी जीवन से संबंधित वीडियो या अफवाहें फैलाकर नकारात्मकता न फैलाएं।इस दौरान पुलिस ने वंशिका की मां द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर जांच की और दोनों पक्षों से पूछताछ भी की।गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों में वंशिका से जुड़ी दो वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई थीं—एक में उनकी मां के साथ कहासुनी दिखाई दी, जबकि दूसरी वीडियो में उनके पिता के साथ विवाद का मामला सामने आया था।

## डॉ. संदीप सरावगी का एक और सराहनीय कदम, पूनम के जीवन में भरा खुशियों का रंग



**वेलकम इंडिया**

**झाँसी।** मानवता और सेवा को सर्वोच्च मानने वाले डॉ. संदीप सरावगी ने एक बार फिर समाज में करुणा और संवेदना की मिसाल पेश की। जनपद की निवासी पूनम वर्मा, जिनके पिता कुंवरलाल मजदूरी कर अपने जीवन की जरूरतें पूरी कर रहे हैं, को डॉ. संदीप ने आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया।

डॉ. संदीप सरावगी ने पूनम वर्मा को जनपद के प्रतिष्ठित कलर्स ब्यूटी पार्लर से विशेष रूप से तैयार कराया और बाद में उन्हें संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर आमंत्रित किया। वहां एक भावनात्मक माहौल में उन्हें उपहारस्वरूप फुल साइज ट्रॉली बैग, किचन सैट और अन्य उपयोगी सामग्री भेंट की गई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि डॉ. संदीप सरावगी केवल समाजसेवी ही नहीं, बल्कि असहाय परिवारों के लिए एक प्रेरणा बन चुके हैं। अब तक वे सैकड़ों कन्याओं के विवाह में सहयोग कर चुके हैं औरौ उनका यह सेवा भाव लगातार समाज में नई रोशनी फैला रहा है। इस अवसर पर उमा वर्मा, भारती वर्मा, पूजा, मीना मसीह, कुसुम साहू, संदीप नामदेव, मनोज रेज, सोमकांत निगम, सुशांत गुप्ता, अनुज प्रताप सिंह और सिद्धांत गुप्ता सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे।

# विधायक रामचंद्र यादव के नेतृत्व में छात्रों ने किया राष्ट्रगीत का सामूहिक गान

**वेलकम इंडिया फतेह खान**



**रुदौली (अयोध्या)।** रुदौली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रूदौली के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान हंस इंटर कॉलेज में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला, जब क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव के नेतृत्व में विद्यालय के सैकड़ों छात्रझछात्राओं ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम्का सुमधुर गान किया।देशभक्ति से ओतझप्रोत इस सामूहिक प्रस्तुति से पूरा विद्यालय परिसर गूंज उठा और उपस्थित लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक रामचंद्र यादव ने सरदार पटेल के अद्वितीय व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके महान योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

विधायक श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि, सरदार पटेल ने 562 से अधिक रियासतों का भारत में विलय कर अखंड भारत का स्वरूप तैयार किया।उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।आज के छात्रों को उनके संघर्ष, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने छात्रों से सरदार पटेल के दृढ़ संकल्प, राष्ट्रहित की भावना और अनुशासन को जीवन में आत्मसात करने की अपील की।

विद्यालय के प्रबंधक सतीश यादव, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने भी इस आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में देशप्रेम व संस्कारों को जागृत करने का कार्य करते हैं। वहीं, विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राष्ट्रगीत गाकर अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में अनुशासित और ऊर्जा से भरे वातावरण ने सबका मन मोह लिया। समारोह में विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षकझशिक्षिकाएं, स्थानीय गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में छात्रझछात्राएं उपस्थित रहे।

अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सरदार पटेल के आदर्शों को जीवन में अपनाने और राष्ट्र की सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया।

# प्रीत विहार भाजपा कार्यालय पर मतदाता पुनर्निरीक्षण अभियान एवं रन फॉर यूनिटी की कार्यशाला आयोजित

**वेलकम इंडिया/ राजेंद्र सिंह**




**हापुड़।** प्रीत विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर शनिवार को मतदाता गहन पुनर्निरीक्षण अभियान एवं रन फॉर यूनिटी को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता गहन पुनर्निरीक्षण अभियान लगभग 23 वर्ष बाद दोबारा संचालित किया जा रहा है, जो बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से अपने संबंधित क्षेत्र में इछड से मिलकर यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो।सतपाल सैनी ने कहा कि यदि किसी भी स्थान पर कार्य में लापरवाही या लचीलापन पाया जाए तो संबंधित अधिकारी एवं अभियान प्रभारी को तत्काल सूचित करें।रन फॉर यूनिटीह्न पर बोलते हुए उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा निर्धारित दूरी में कम से कम 5000 से अधिक कार्यकताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संयोजन श्यामनंदर त्यागी ने किया।इस अवसर पर पुनीत गोयल, मोहन सिंह, राजीव सिरोही, प्रफुल्ल सारस्वत, सुमित पर्चा, जतिन साहनी, जय भगवान शर्मा, अजय भास्कर, नितिन पाराशर, उमेश यादव, महिपाल सिंह, रवि खटीक, अमित सिवल, मनोज चौधरी, कपिल सिंघल, कनिक केहर, रवि शर्मा, सोनू प्रधान, कंचन तथा जिला मीडिया प्रभारी एवं एसआईआर विधानसभा संयोजक सुयश वशिष्ठ सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कॉंग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रदेश की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी हापुड़ को सौंपा।यह ज्ञापन नगर पालिका स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय परिसर में सौंपा गया।

पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश में बेरोजगारी, महँगाई, किसानों की समस्याएँ, भ्रष्टाचार, शिक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था की स्थिति समेत कई जनहित मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट, प्रदेश कार्यालय प्रभारी पंडित सुनील शर्मा, मेरठ मंडल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष आबिद सेफी, हापुड़ किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह, महंत एन.के. त्रिपाठी और शिवम सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि यदि सरकार आम जनता की समस्याओं पर शीघ्र ध्यान नहीं देती, तो आंदोलनात्मक कदम उठाने पर विचार किया जाएगा।

# सरस्वती कॉलेज ऑफ फामेर्सी में हुआ स्पार्क सांस्कृतिक उत्सव का कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**





**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा के अनवरपुर में सरस्वती कॉलेज ऑफ फामेर्सी अनवरपुर में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव ह्यस्पार्क 2025ह्न का भव्य आयोजन अत्यंत हर्ष, उल्लास और जोशपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा और कलात्मक अभिव्यक्ति से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.नितिन के द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। दीप प्रज्वलित में जनरल मैनेजर (एडमिनिस्ट्रेशन) एन. वर्धराजन एवं डायरेक्टर (एडमिनिस्ट्रेशन) आर. दत्त ने सहभागिता की।इस अवसर पर प्रिंसिपल, सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रकटर) डॉ. बर्खा गुप्ता, प्रिंसिपल (नर्सिंग) डॉ.एस. मनोहारी,एच.आर.मैनेजर एल. रुबावती तथा अकाउंटिंग मैनेजर एच.आर.सरवनन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें सोलो डांस, ग्रुप डांस, सिंगिंग, शायरी, फनी डांस और लेजी डांस जैसी मनोरंजक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे परिसर में उत्सव का वातावरण छा गया।प्राचार्य डॉ.नितिन ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि स्पार्कह्न जैसा सांस्कृतिक उत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है। यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम है बल्कि यह छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करता हैं।उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की।

जनरल मैनेजर (एडमिनिस्ट्रेशन) एन. वर्धराजन एवं डायरेक्टर (एडमिनिस्ट्रेशन) आर. दत्त ने भी विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि स्पार्क 2025ह्न विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और सामूहिक प्रयासों का अद्भुत उदाहरण है। ऐसे आयोजन शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और सामाजिक विकास को भी प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर चेयरमैन, सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, डॉ. जे. रामचंद्रन एवं वाइस चेयरपर्सन, राम्या रामचंद्रन ने स्पार्क 2025 के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।कार्यक्रम के सफल कार्यक्रम आयोजन में कॉलेज के सभी

# ग्रीन इनोवेशन चैलेंज का फाइनल राउंड सफलतापूर्वक आयोजित किया

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** क्रिएटिव थिंकर्स फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाज़ियाबाद एवं दमोदर एकेडमी ऑफ साइंटिफिक एंड एजुकेशनल रिसर्च, नई दिल्ली के सहयोग से ग्रीन इनोवेशन चैलेंज का फाइनल राउंड सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में सतत नवाचार और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना था। देशभर के विद्यालयों के साथ-साथ इंडियन स्कूल बौशर (ओमान) की टीम ने भी भाग लिया। विजेताओं में ग्रुप ए (पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण) में ज्ञान भारती स्कूल, साकेत (10,000), पैसिफिक वर्ल्ड स्कूल, ग्रेटर नोएडा (5,000), पैसिफिक वर्ल्ड स्कूल, ग्रेटर नोएडा (2,500) रहे। ग्रुप इ (सस्टेनेबल इनोवेशन एवं वेस्ट मैनेजमेंट) में पैसिफिक वर्ल्ड स्कूल, ग्रेटर नोएडा (10,000), जी.डी. गोयनका, राज नगर एक्सटेंशन (5,000), के.आर. मंगलम वर्ल्ड स्कूल, गुरुग्राम एवं दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, नोएडा एक्सटेंशन (2,500) विजेता रहे। डॉ. मधु फुल, निदेशक (अकादमिक), क्रिएटिव थिंकर्स फाउंडेशन ने कहा कि ग्रीन इनोवेशन चैलेंज युवाओं को रचनात्मक सोच और स्थायी भविष्य निर्माण की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में प्रभात सचदेवा, अध्यक्ष, क्रिएटिव थिंकर्स फाउंडेशन, इं. स्वेता श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक, तथा सुश्री नवनीत कौर, सोशल मीडिया एक्जीक्यूटिव की उपस्थिति एवं समन्वय उल्लेखनीय रहा। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की ओर से डॉ. लक्ष्मण प्रसाद (ग्रुप एडवाइजर), डॉ. आर.के. यादव (डीन झ्र अकादमिक) तथा अभिनव बंसल ने कार्यक्रम के आयोजन में मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया। डॉ. बी.सी. शर्मा, निदेशक, राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने इस संयुक्त पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में नवाचार की भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित करते हैं।

# 44वीं जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** 44वीं जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का भव्य उद्घाटन शनिवार को एचआरआईटी यूनिवर्सिटी के खेल मैदान में हुआ। इस अवसर पर खिलाडि?ीं, अधिकारियों और खेल प्रेमियों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रमुख ने कार्यक्रम की रूपरेखा पेश की और प्रतियोगिता के महत्व को रेखांकित किया। इस शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय खेल प्राधिकरण की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रितु पथिक उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों को खेल और शिक्षा के बीच संतुलन बनाए रखने की सलाह देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि मानसिक दृढ़ता और अनुशासन की भावना भी विकसित करता है। विद्यार्थियों को खेल के साथ-साथ अपनी पढ़ाई पर भी ध्यान देना चाहिए, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। समारोह की अध्यक्षता एशियाई शूटिंग बॉल फेडरेशन के महासचिव रविंद्र सिंह तोमर ने की। कार्यक्रम में अरुण लाल, नवीन कुमार, जयप्रकाश कादीयान, ओपी माचरा, पंडित पाटिल, दयानंद उपाध्याय और कमलेश शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजुल अग्रवाल और महासचिव जीतराज तोमर ने अतिथियों और खिलाडियों का स्वागत किया। उद्घाटन समारोह का विशेष आकर्षण एन.डी.आर.एफ. का बैन्ड प्रदर्शन रहा, जिसने कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का माहौल बना दिया। आयोजन में युवा खिलाड़ी उत्साह और अनुशासन के साथ उपस्थित हुए और प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए तैयारियों की झलक दिखाई। प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रमुख ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल खेल की प्रतिभा को बढ़ावा देना है, बल्कि युवा खिलाडि?ीं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करना भी है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद इस तरह के आयोजनों के माध्यम से खेल के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली जूनियर खिलाड़ी भाग लेंगे, और उनके प्रदर्शन से आगामी खेल सत्रों के लिए संभावित स्टार खिलाड़ी उभर कर सामने आएंगे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

समारोह का समापन एन.डी.आर.एफ. बैन्ड के शानदार प्रदर्शन और सभी अतिथियों तथा खिलाडियों के अभिवादन के साथ हुआ। इस चैंपियनशिप से गाजियाबाद के खेल क्षेत्र को नई पहचान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है और स्थानीय युवा खिलाडियों में खेल के प्रति उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ।

# एचआईएमटी में 'आरब्ध 2.0 ने बिखेरा उत्सव का रंग- नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत में सजी यादगार फ्रेशर्स पार्टी

वेलकम इंडिया

**एनसीआर।** हरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (एचआईएमटी) के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा शनिवार को नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत में आयोजित फ्रेशर्स पार्टी 'आरब्ध 2.0ज्उत्साह, उल्लास और प्रतिभा का अनोखा संगम बन गई। इस अवसर पर बीसीए और एमसीए के नए छात्रों ने नृत्य, गायन, अभिनय और रैंप वॉक जैसी रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे सभागार में जोश और ऊर्जा का ऐसा माहौल बना जिसने इस आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत रूप से अतिथियों और छात्रों के स्वागत से हुई। उपहार वितरण के बाद संस्थान के प्रमुख अतिथियों चेयरमैन एच.एस. बंसल, सेक्रेटरी अनिल बंसल, ज्वाइंट सेक्रेटरी अनमोल बंसल, ग्रुप डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) सुधीर कुमार तथा एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. विक्रांत चौधरी का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। विभागाध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और टीम भावना को विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि आरब्ध जैसे आयोजन छात्रों के व्यक्तित्व को निखारने और संस्थान के प्रति अपनापन बढ़ाने का माध्यम हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथियों ने छात्रों की प्रस्तुतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि युवाओं में छिपी प्रतिभा तभी उजागर होती है जब उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन मिले। अतिथियों ने छात्रों को अनुशासन, समर्पण और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने का संदेश दिया तथा आईटी विभाग के इस सुव्यवस्थित आयोजन की सराहना की। फ्रेशर्स पार्टी में बीसीए और एमसीए छात्रों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से माहौल को जीवंत कर दिया। मंच पर प्रस्तुत नृत्य, संगीत और फैशन शो ने सभी अतिथियों और शिक्षकों को प्रभावित किया। दर्शकों की तालियों ने छात्रों के मनोबल को और बढ़ाया। प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों के लिए विजेताओं का चयन किया गया। एमसीए वर्ग में मिस्टर फ्रेशर का खिताब आदित्य मिश्रा को और मिस फ्रेशर का खिताब एंजल वर्मा को प्रदान किया गया। वहीं, बीसीए वर्ग में मिस्टर फ्रेशर रजनीश और मिस फ्रेशर कोमल बनीं। इसके अलावा, विशेष श्रेणियों में भी छात्रों की प्रतिभा को सम्मानित किया गया। स्टाइल आइकॉनिक का खिताब कृष्णा भाटी (बीसीए) को, स्पॉटलाइट स्टीलर का खिताब फरदीन (एमसीए) को, वसेटाइल टैलेंट का खिताब नेहा शर्मा (बीसीए) को, रैंप रूलर का खिताब दिव्यांशु (एमसीए) को और एनर्जेटिक ऑरा का खिताब अर्शिता (बीसीए) को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में संकाय सदस्यों और वरिष्ठ छात्रों की सक्रिय भूमिका रही।

# मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** विधानसभा क्षेत्र के हापुड़ रोड स्थित रिसोर्ट में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह ने की। विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदाता सूची में नाम जुड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर पात्र नागरिकों के नाम जुड़वाने में सहयोग करें ताकि कोई भी मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सतवीर राघव, सतेन्द्र त्यागी, राजन चौधरी, राजेन्द्र वाल्मीकि, देवेंद्र चौधरी, जीतेन्द्र चित्तौड़ा, नवेन्द्र गौड़, निवाड़ी अध्यक्ष अनिल त्यागी, अमित चौधरी, नरेश अमराला, नवीन जायसवाल, आकाश शर्मा देवेंद्र चौधरी डायमंड डॉ पवन सिंघल रोहित अग्रवाल जितेंद्र चित्तौडा संजय चौधरी, अनीला आर्य सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को दी मिशन शक्ति की महत्वपूर्ण जानकारियां



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भोजपुर विकास क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मौहम्मदपुर सुजानपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में पुलिस अधिकारियों ने शिक्षिकाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत आपातकालीन हेल्प लाइन को श्याम पट पर लिख उसके उपयोग की महत्वपूर्ण जानकारी दी। अधिकारियों ने महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, महिला सशक्तिकरण, हेल्प लाइन नंबर 112, 1090, 181, 182, 102 आदि की महत्वपूर्ण जानकारी देकर उनका मार्गदर्शन किया व ज्ञानवर्धन किया।

# क्रिएटिव थिंकर्स फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आर.के.जी.आई.टी. में आयोजित प्रतियोगिता में देश-विदेश के विद्यालयों ने किया प्रतिभा प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** क्रिएटिव थिंकर्स फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आर.के.जी.आई.टी.), गाजियाबाद और दमोदर अकादमी ऑफ साइंटिफिक एंड एजुकेशनल रिसर्च, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को ग्रीन इनोवेशन चैलेंज का फाइनल राउंड सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और रचनात्मक नवाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। देशभर के अनेक विद्यालयों के साथ-साथ ओमान स्थित इंडियन स्कूल बौशर की टीम ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक सोच, तकनीकी समझ और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता को दो समूहों में विभाजित किया गया था- ग्रुप 'एज (पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण) तथा ग्रुप 'बीज (सतत नवाचार एवं अपशिष्ट प्रबंधन)। ग्रुप 'एज में ज्ञान भारती विद्यालय, साकेत ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 10,000 का पुरस्कार जीता। पैसिफिक वर्ल्ड स्कूल, ग्रेटर नोएडा ने दूसरा स्थान हासिल कर 5,000 प्राप्त किए, जबकि तीसरे स्थान पर भी पैसिफिक वर्ल्ड स्कूल, ग्रेटर नोएडा की ही अन्य टीम रही, जिसे 2,500 की राशि प्रदान की गई। ग्रुप 'बीज में पैसिफिक वर्ल्ड स्कूल, ग्रेटर नोएडा की टीम ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान और 10,000 का पुरस्कार जीता। जी.डी. गोयनका विद्यालय, राज नगर एक्सटेंशन द्वितीय स्थान पर रहा और उसे 5,000 की राशि दी गई। तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से के.आर. मंगलम वर्ल्ड स्कूल, गुरुग्राम और दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, नोएडा एक्सटेंशन की टीमों को 2,500-2,500 का पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्रिएटिव थिंकर्स फाउंडेशन की निदेशक (शैक्षणिक), डॉ. मधु फुल ने कहा कि ग्रीन इनोवेशन चैलेंज जैसी पहलें युवाओं को रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और स्थायी भविष्य निर्माण की दिशा में प्रेरित करती हैं।

# आग लगने से दो पशुओं की मौत आठ पशु झुलसे

अगौता/बुलंदशहर/अगौता क्षेत्र के गाँव बागवाला में अज्ञात कारणों से आग लगने से दो पशुओं की मौत हो गई और आठ पशु बुरी तरह से झुलस गए ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार की शाम करीब चार बजे तरीखत पुत्र उम्मेद खां गाँव बागवाला के पशु घेर में बंधे हुए थे परिवार का कोई भी व्यक्ति पशुओं के पास नहीं था सभी लोग घर पर थे घेर के पास धान के पूले लगे हुए थे जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी जिसमें तरीखत के दो भूसा के बोंगा व एक बिटौरा जलकर राख हो गये जिसमें दो पशुओं की भी मौत हो गई जबकि एक गाय व एक बेल सहित आठ पशु बुरी तरह से झुलस गये परिजनों ने घटना की सूचना अगौता पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आकर आग पर काबू पाया।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज ने अक्टूबर में लगाया सेवा और संवेदना का महाशिविर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर ने अक्टूबर 2025 माह को स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक दायित्व के नाम समर्पित कर दिया। इस दौरान कॉलेज द्वारा गाजियाबाद जिले के विभिन्न इलाकों में आयोजित दंत स्वास्थ्य शिविरों में लगभग 4500 मरीजों को निःशुल्क उपचार और परामर्श प्रदान किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य आमजन में मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, दंत रोगों के प्रारंभिक संकेतों की पहचान कराना और लोगों को निःशुल्क जांच एवं उपचार सेवाएं उपलब्ध कराना था। कॉलेज की ओर से लगाए गए ये शिविर गाजियाबाद के कई स्थानों पर आयोजित किए गए जिनमें मसूरी, लाल कुआं, मोदीनगर, चमरावल, सिकरी खुर्द, मोहन नगर, रिस्तल, नंदग्राम, विजय नगर, राजपुर, दासना, ललियाना, नैफाल सहित क्लासिक रेजीडेंसी, राज एम्पायर और मेट्रो होम्स जैसी प्रमुख आवासीय सोसायटियाँ भी शामिल रहीं। हर जगह लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कॉलेज की इस पहल की सराहना की। प्रत्येक शिविर की शुरूआत मौखिक जांच (ओरल स्क्रीनिंग) सत्र से हुई, जिसके बाद मरीजों को उनके दंत स्वास्थ्य की स्थिति बताई गई और आवश्यक उपचार कराने के लिए प्रेरित किया गया। डॉक्टरों ने विशेष रूप से दांतों की सड?, मसूड़ों की बीमारियों, दंत फ्लोरोसिस और उनसे बचाव के उपायों पर चर्चा की। इसके साथ ही लोगों को यह भी बताया गया कि कौन-से खाद्य पदार्थ दांतों को नुकसान पहुंचा सकते हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है।

# उत्थान फाउंडेशन द्वारा एजुकेशन ऑडिट परियोजना के अंतर्गत प्रेरक सत्र आयोजित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** उत्थान फाउंडेशन द्वारा संचालित एजुकेशन ऑडिट परियोजना के अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स, मोदीनगर में एक विशेष व्यक्तित्व विकास सत्र का आयोजन किया गया। इस एक घंटे के सत्र में संस्थान के लगभग 90 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र का संचालन प्रसिद्ध मोटिवेशनल ट्रेनर हरनीत सिंह ह्लहैप्पीह्व ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों के बीच रोचक खेलों, समूह गतिविधियों और संवादात्मक अभ्यासों के माध्यम से टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक मानसिकता के महत्व को समझाया। श्री हैप्पी ने बताया कि जीवन में सफलता केवल व्यक्तिगत प्रयासों से नहीं, बल्कि सहयोग, समन्वय और सही सोच से ही प्राप्त की जा सकती है। उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ॰ सोनिका जैन ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य शिक्षा को केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित न रखकर विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ऐसे सत्र विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संवाद-कौशल और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं, जो उनके भविष्य के निर्माण में अत्यंत सहायक हैं।कार्यक्रम के दौरान इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के प्रबंधक संघर्ष शर्मा ने हरनीत सिंह ह्लहैप्पीह्व को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और संस्थान की ओर से उनके प्रयासों की सराहना की। सत्र में उत्थान फाउंडेशन की सक्रिय सदस्याएं कविता गुप्ता, सोनिया गर्ग और ज्योति रानी तथा इंस्टीट्यूट से डॉ रूचि विद्यार्थी, दीपांशु, रीता घोष और अवनी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की सहभागिता की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर आत्म-विकास के लिए प्रेरित किया।

एक घंटे तक चले इस सत्र ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और टीम भावना का संचार किया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जहाँ विद्यार्थियों ने इस तरह के प्रेरक सत्रों के लिए फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

# "हर बूथ को सक्रिय करें, हर पात्र मतदाता को जोड़ें-यही है संगठन की विजय रेखा: हरीश ठाकुर

वेलकम इंडिया

**मुरादनगर।** भाजपा द्वारा मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में कनक फार्म, गोविंदपुरम में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (रकफ) अभियान को मजबूत और लक्ष्य-केन्द्रित बनाने हेतु एक विशेष संगठनात्मक कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में बूथ स्तर पर सक्रियता, वोटर कनेक्ट, दस्तावेजी प्रक्रिया की एकरूपता तथा घर-घर संवाद के विस्तृत मॉडल पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री श्री हरीश ठाकुर ने स्पष्ट कहा कि संगठन का आधार बूथ है, और अभियान की सफलता कार्यकर्ता के समर्पण पर निर्भर है।प्रत्येक शक्ति केंद्र और बूथ पर जिम्मेदारी, समीक्षा और सतत संपर्क अत्यंत आवश्यक है। हमें प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचना है और यह सुनिश्चित करना है कि उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष श्री हिमांशु मित्तल ने कहा कि ह्लमतदाता सूची शुद्धिकरण केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन का भविष्य सुरक्षित करने का दायित्व है। हम आने वाले समय में निरंतर क्षेत्र में रहकर इस अभियान को तीव्र गति देंगे। पूर्व महापौर श्री आशु वर्मा ने






कहा कि भाजपा का संगठन परिवारवाद नहीं, कार्य और जिम्मेदारी पर चलता है। यह अभियान जनता से नया संवाद स्थापित करने और भरोसा मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम में पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री श्री अशोक मोंगा, पूर्व अध्यक्ष श्री अरविन्द भारतीय, श्री अमर दत्त शर्मा, सरदार एस.पी. सिंह, ब्लॉक प्रमुख श्री राहुल चौधरी ह्यडैनीह्ल, रकफ अभियान संयोजक श्री सुभाष

- क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष श्री हिमांशु मित्तल ने कहा कि मतदाता सूची शुद्धिकरण केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन का भविष्य सुरक्षित करने का दायित्व है।

शर्मा सहित मंडल एवं शक्ति केंद्र स्तर के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम सूची में सुनिश्चित करना संगठनात्मक कर्तव्य है। इसके लिए बूथ स्तर पर संवाद, सत्यापन और फॉलो-अप की सतत प्रणाली आवश्यक है। समापन सत्र में विधायक श्री अजीत पाल त्यागी ने अभियान की रूपरेखा और क्षेत्रीय प्राथमिकताओं को साझा करते हुए कार्यकताओं में उत्साह का संचार किया सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, विधानसभा अभियान संयोजक अमित रंजन, सह संयोजक नितिन अग्रवाल, पार्षद अमित डबास, राजेंद्र तितैरिया, नीरज त्यागी, राहुल तोमर, राहुल गोयल, गजेन्द्र सिंह, विपिन चौधरी, राजकुमार चौधरी सहित वरिष्ठ एवं युवा कार्यकताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में गूँजी जर्मन संस्कृति की मधुर ध्वनि, 'ब्रिज ऑफ लाइट नाटक ने बाँधा समां



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शास्त्री नगर स्थित नेहरू वर्ल्ड स्कूल के सभागार में शनिवार को जर्मन नाटक ब्रिज ऑफ लाइट का भव्य मंचन उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर विद्यालय में ज्ञान, संस्कृति और कला का सुंदर संगम देखने को मिला। कक्षा आठ के लगभग 150 छात्रों ने इस नाटक में अपनी भागीदारी देकर कार्यक्रम को एक नई ऊँचाई प्रदान की।

इस सांस्कृतिक समारोह की मुख्य अतिथि डिप्युटी हेड ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, मिस एन्या सीरिएक्स अपने पति के साथ उपस्थित रहीं। मूल रूप से जर्मनी में जन्मी मिस सीरिएक्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों की विदेश नीति में विशेष अनुभव रखती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल भाषा सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाते हैं, बल्कि वैश्विक समझ और सांस्कृतिक जुड़ाव को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की एग्जीक्यूटिव हेड सुश्री सुसन होम्स के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि विदेशी भाषा का अध्ययन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और दृष्टिकोण को विस्तारित करता है। उन्होंने छात्रों की लगन और तैयारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को वैश्विक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। समारोह के आरंभ में विद्यार्थियों ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें सत्र 2025-26 की उपलब्धियों और विद्यालय द्वारा किए गए शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रमिक प्रयासों का उल्लेख किया गया।

# महापौर ने 5 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद द्वारा शहर के समग्र विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से महापौर सुनीता दयाल ने शनिवार को लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से होने वाले अनेक विकास कार्यों का शिलान्यास किया। गोविंदपुरम, शहीद नगर, प्रताप विहार और अकबरपुर बेहरामपुर जैसे क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण, आरसीसी मार्गों के पुनर्निर्माण और इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने जैसे कार्यों की औपचारिक शुरूआत महापौर ने अपने कर-कमलों से की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। लोगों ने महापौर का फूलमालाओं से स्वागत किया और 'महापौर सुनीता दयाल जिंदाबादज्ज के नारों से माहौल गूंज उठा। नागरिकों ने कहा कि लंबे समय से जिन रास्तों की मरम्मत और निर्माण की मांग की जा रही थी, वह अब साकार होती दिख रही है।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा

- महापौर ने कहा कि विकास कार्यों की गति को लगातार बनाए रखा जाएगा और आने वाले दिनों में शहर के अन्य इलाकों में भी इसी तरह के प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे।

कि नगर निगम शहर के प्रत्येक क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जिन क्षेत्रों में नागरिक वर्षों से खराब सड़कों और जलभराव की समस्याओं से परेशान थे, वहां अब तेजी से कार्य शुरू हो गए हैं। उन्होंने बताया कि जनता की मांग पर अधिकारियों को तत्काल एस्टिमेट तैयार करने के निर्देश दिए गए और 15वें वित्त आयोग की निधि से प्रस्ताव पास कर निविदाएं पूरी कराई गईं। महापौर ने कहा कि शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में भी विकास कार्य निरंतर जारी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास किसी धर्म, जाति या क्षेत्र की सीमा में नहीं बंधा होता।

हर नागरिक को बेहतर सड़कें, स्वच्छ वातावरण और सुदृढ़ सुविधाएं उपलब्ध कराना ही नगर निगम का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि शहर के सभी क्षेत्र विकसित उत्तर प्रदेश की पहचान का हिस्सा बनें, इसके लिए निगम लगातार कार्य कर रहा है। महापौर ने बताया कि जिन सड़कों के निर्माण की आज शुरूआत हुई है, उनमें वार्ड 30 बालाजी एन्क्लेव और कृष्णा गार्डन की सड़केें शामिल हैं, जिन पर लगभग एक करोड़ दस लाख रुपये की लागत आएगी। इसी तरह शहीद नगर, विजय नगर और अकबरपुर बेहरामपुर में भी करोड़ों रुपये की लागत से सड़क और आरसीसी निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूरे होने से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और इलाकों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। शिलान्यास समारोह में पार्षद आदिल मालिक, सचिन चौधरी, सतेंद्र चौधरी, राजेश पंडित, नरेश पाल, जयभगवान, संजीव त्यागी, जितेन्द्र कुमार, मनोज, प्रशांत कुमार, रोबिन कसाना सहित बड़ी संख्या में नगर निगम अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# हर्ष फायरिंग का वायरल वीडियो, सिगरेट कारोबारी के खिलाफ पुलिस ने की जांच शुरू

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत घंटाघर इलाके में हाल ही में हुए एक विवादास्पद मामले ने शहर में सनसनी फैला दी।

सिगरेट के थोक व्यवसायी धनेश मित्तल ने अपने पुत्र की शादी के अवसर पर हर्ष फायरिंग की थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि समारोह में बड़ी संख्या में फायरिंग की जा रही थी, जिससे आसपास के लोग डर और चिंता में आ गए। वीडियो वायरल होते ही पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई। कोतवाली नगर पुलिस ने धनेश मित्तल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि यह मामला केवल अवैध फायरिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा के लिए भी गंभीर माना जा रहा है। इस संदर्भ में एसीपी कोतवाली, रितेश त्रिपाठी ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की पूरी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि वीडियो के आधार पर सभी पहलुओं की पड़ताल की जाएगी और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शहर में किसी भी व्यक्ति को हर्ष फायरिंग जैसी अवैध गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी और ऐसे मामलों में कार्रवाई तेजी से की जाएगी। स्थानीय लोग इस मामले को लेकर चिंतित हैं। उनका कहना है कि शादी जैसी खुशियों के अवसर पर भी इस प्रकार की फायरिंग सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती है।

# 27वां ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित दो दिवसीय 27वां ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन लोहियानगर स्थित अग्रसेन भवन में भव्य रूप से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित गोपाल दत्त शर्मा ने किया। सम्मेलन की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सुभाष चंद शर्मा ने की और उन्होंने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार का वैवाहिक परिचय सम्मेलन आज के समाज की एक आवश्यकता बन गया है। मुख्य अतिथि एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन के माध्यम से अभिभावकों को योग्य वरों और वधुओं की तलाश में भटकने की आवश्यकता नहीं रहती। शहर के विधायक संजय शर्मा ने कहा कि गाजियाबाद की शाखा पिछले 29 वर्षों से इस तरह के सम्मेलन आयोजित कर ब्राह्मण समाज के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। वहीं, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से उनके बच्चों को योग्य जीवन साथी मिलने में सहायता मिली है। स्वागत अध्यक्ष रमाकांत शर्मा और आयोजन समिति के अध्यक्ष आदेश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई, जिसने समारोह को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रंग प्रदान किया। सम्मेलन का संचालन मुख्य संरक्षक जेके गौड़ ने किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुल 650 पंजीकरण हुए हैं और पंजीकरण का विवरण ब्राह्मण गौरव पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा। सम्मेलन के पहले दिन 300 युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया और योग्य जीवन साथी खोजने की प्रक्रिया में भाग लिया।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में बैंकिंग में साइबर सुरक्षा पर प्रेरणादायक सेमिनार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड कॉमर्स द्वारा बैंकिंग में साइबर सुरक्षा विषय पर एक ज्ञानवर्धक सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। यह सेमिनार विश्वविद्यालय परिसर के भव्य सेमिनार हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और बैंकिंग विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में बढ़ती साइबर सुरक्षा चुनौतियों से अवगत कराना और डिजिटल लेन-देन की



सुरक्षा से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के शीर्ष नेतृत्व चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर्स नितिन अग्रवाल, पीयूष श्रीवास्तव और विमल कुमार शर्मा, कुलपति प्रो. (डॉ.) परसंजीत कुमार तथा रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन के मार्गदर्शन में किया गया। सेमिनार का शुभारंभ स्वागत भाषण के साथ हुआ, जिसे प्रस्तुत किया डॉ. अभिन्ना बक्सी भटनागर, निदेशक (स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड कॉमर्स) ने।

# वायु प्रदूषण पर सख़्त हुआ नगर निगम

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** वायु गुणवत्ता में निरंतर गिरावट को देखते हुए गाजियाबाद नगर निगम ने शहर की हवा को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए व्यापक और संगठित अभियान शुरू किया है। नगर आयुक्त के निर्देश पर जलकल, स्वास्थ्य, निर्माण और उद्यान विभाग संयुक्त रूप से इस मिशन में जुटे हैं। अभियान के अंतर्गत सड़कों पर पानी का छिड़काव, सड़कों की धुलाई, ग्रीन बेल्ट की सिंचाई, सीएंडडी वेस्ट हटाने और कूड़ा जलाने पर सख्त कार्रवाई जैसे ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। नगर निगम के जलकल विभाग ने शहर के प्रमुख मार्गों के साथ-साथ आंतरिक गलियों में भी वॉटर टैंकर और जेट्टिंग मशीनों से पानी की बौछार और सड़कों की धुलाई शुरू कर दी है। सुबह 5:00 बजे से रात 8:00 बजे तक, तथा रात्रि पाली में भी सड़कों पर लगातार छिड़काव किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य सड़क की धूल को नियंत्रित करना, वाहन जनित प्रदूषण को कम करना और हवा में मौजूद सूक्ष्म कणों की मात्रा को घटाना है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए मल्टी एंटी-स्मोक गन मशीनों का उपयोग शुरू कर दिया है। इन मशीनों के माध्यम से सड़कों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रदूषण के चरम समय में इन मशीनों को विशेष रूप से हाई ट्रैफिक क्षेत्रों जैसे मोहन नगर, यूपी गेट, मेरठ रोड और हिंडन एयरफोर्स स्टेशन के आसपास संचालित किया जा रहा है। शहर के ग्रीन बेल्ट और सेंट्रल वर्ज को हरा-भरा बनाए रखने के लिए उद्यान विभाग विशेष सक्रियता दिखा रहा है। विभाग द्वारा पौधों पर नियमित रूप से पानी बरसाया जा रहा है ताकि धूल जम न सके और पौधों की हरियाली से वायु शुद्धिकरण में मदद मिले। नगर आयुक्त ने बताया कि पौधों की साफ-सफाई और नियमित सिंचाई शहर की हवा को ताजगी और ऑक्सीजन प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रही है।

**सड़कों के किनारे पड़े सीएंडडी वेस्ट मटेरियल को हटाया जा रहा है**

# अवैध शराब पर आबकारी विभाग का ऐतिहासिक अभियान, तस्करों का काला कारोबार रोकना मिशन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान भले ही औपचारिक रूप से समाप्त हो चुका हो, लेकिन आबकारी विभाग की कार्यशैली और रणनीति जिले में अवैध शराब तस्करों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं रही है। हर दिन नई रणनीति के तहत आबकारी विभाग की टीम शराब माफियाओं को दबी-छुपी चालाकियों और बड़े गिरोह से भी बेनकाब कर रही है। शुक्रवार की रात इसी रणनीति का असर देखा गया, जब आबकारी विभाग ने एक साथ चार तस्करों और लाईसेंसी शराब विक्रेताओं को सलाखों के पीछे भेजा। शुक्रवार की रात शराब माफियाओं के लिए



किसी काली रात से कम नहीं रही। एक रात में आबकारी विभाग की टीम ने एक नहीं बल्कि चार तस्कर समेत लाइसेंसी शराब विक्रेताओं को सलाखों के पीछे भेजा है। जिले में लाईसेंसी शराब की दुकान से अवैध शराब तस्करी का धंधा चल रहा था। इस धंधे में तीन शराब विक्रेता और एक तस्कर शामिल थे। वहीं गिरोह में एक कबाड़ी भी शामिल था। जो खाली तस्कर और विक्रेताओं को यूपी शराब की खाली बोतल और ढक्कन को उपलब्ध कराता था, उसके बाद चारों मिलकर उसमे दिल्ली और चंडीगढ़ की सस्ती शराब भरकर यूपी के दामों में ग्राहकों को बेचते थे। विक्रेताओं के इस लालच में लाईसेंसी मालिक को करोड़ों रुपये की चोट पहुंचाई है। शराब तस्कर के नेटवर्क गाजियाबाद ही नहीं बल्कि मेरठ तक फैले हुए है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने बताया कि जिले में लाईसेंसी शराब की दुकानों से अवैध शराब की तस्करी का धंधा चल रहा था। इस धंधे में शामिल तीन शराब विक्रेता और एक तस्कर विदेशी शराब को दिल्ली और चंडीगढ़ से ला कर यूपी के दामों में ग्राहकों को बेचते थे। गिरोह में एक कबाड़ी भी शामिल था, जो खाली बोतलों और ढक्कनों की आपूर्ति करता था। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस अवैध व्यापार ने लाईसेंसी मालिकों को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुँचाया। संजय कुमार प्रथम ने बताया कि शुक्रवार रात उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि शास्त्री नगर डी ब्लॉक में एक व्यक्ति स्कूटी पर घूमकर अवैध शराब बेच रहा है।

सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आबकारी निरीक्षक कीर्ति सिंह, मनोज शर्मा, डॉ. राकेश त्रिपाठी, अखिलेश कुमार, अनुज वर्मा, चन्द्रजीत सिंह और चमन सिंह की एक संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने डी ब्लॉक के आसपास सभी मार्गों पर डेरा डालकर तस्कर प्रदीप शर्मा को रंगे हाथ पकड़ा। उसके पास से 74 बोतलें 999 पावर स्टार ब्रांड की विदेशी मदिरा और 135 ढक्कन बरामद हुए, साथ ही टी.वी.एस. स्कूटी भी जब्त की गई।